■ कार्तिक शुक्ल - 7 ■ संवत 2080 ■ वर्ष - 11 ■ अंक - 115 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- चेन्नई » सोमवार » 20-11-2023 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित





5 सचिन ने अपनी 10 नबंर की जर्सी कोहली को उपहार में दी

6 विश्व युद्ध टालने में भारत निभा सकता है नई भूमिका

7 देश-धर्म की रक्षा की प्रेरणा देता है सिख गुरुओं का त्याग और बलिदान : योगी आदित्यनाथ

## फर्स्ट टेक



### सूर्य किरण टीम ने दर्शकों को अभिभूत किया

**अहमदाबाद/भाषा।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच विश्व कप फाइनल से पहले भारतीय वायुसेना की सूर्य किरण एक्रोबैटिक टीम ने रविवार को यहां अपने शानदार प्रदर्शन से खचाखच भरे नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दर्शकों का मन मोह दिया। भारतीय वायुसेना के कुल नौ हॉक एमके-132 एसकेएटी विमानों ने इतिहास रचा क्योंकि यह पहला अवसर था जब उन्होंने भारत में किसी क्रिकेट मैच से पहले हवाई शो का प्रदर्शन किया। इससे बेहतर और क्या हो सकता है कि यह विश्व कप का फाइनल था। भारतीय वायुसेना के 52वें स्क्वाड्रन का हिस्सा सूर्य किरण टीम के पायलटों ने 132000 से अधिक दर्शकों की क्षमता वाले नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टॉस से पहले 10 मिनट का कार्यक्रम पेश किया। आमतौर पर 13 पायलटों से बनी एसकेएटी टीम में से केवल नौ ही अपने हॉक एडवांस ट्रेनर जेट में किसी समय प्रदर्शन करते हैं।

### शिफा अस्पताल से अनुमानित समय पूर्व जन्मे 30 बच्चों को निकाला गया : गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय

**खान यूनिस (गाजा पट्टी)/एपी।** गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि अनुमानित समय पूर्व जन्मे 30 बच्चों को शिफा अस्पताल से निकाला गया है और उन्हें मिस्र के अस्पतालों में स्थानांतरित किया जाएगा। मंत्रालय के प्रवक्ता मदहत अब्बास ने कहा कि उन्हें रविवार को अस्पताल से निकाला गया। शनिवार को शिफा अस्पताल का दौरा करने वाली विश्व स्वास्थ्य संगठन की टीम ने कहा कि अस्पताल में फंसे गंभीर रूप से बीमार मरीजों में 32 बच्चे भी शामिल हैं। इस अस्पताल के बाहर पिछले हफ्ते से इजराइल के सैनिक तैनात हैं।

### इजरायल-हमास संघर्ष में अब तक 13,500 की मौत

**गाजा/यरुशलेम/वाशिंगटन/वार्ता।** इजरायल और फिलीस्तीनी समूह हमास के बीच संघर्ष में अब तक 13,500 लोग मारे जा चुके हैं। हमास की ओर से सात अक्टूबर को इजरायल पर किये गये हमले से लेकर अब तक जहां केवल 1200 इजरायली मारे गये वहीं इजरायल के हमले में अब तक करीब 12,300 फिलीस्तीनी मारे जा चुके हैं। यानी कुल मिलाकर अब तक लगभग 13,500 लोग मारे जा चुके हैं। इसी प्रकार हमास ने अब तक 242 लोगों को बंधक बनाने का दावा किया है ।

| सूर्यास्त 19-11-2023 | सूर्योदय 20-11-2023 |
|---|---|
| 5:39 बजे | 6:10 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 65,794.73 | 19,731.80 |
| (-187.75) | (-33.40) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,241 रु. | 77,000 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

#### लीक लिखी

सबकुछ तो है खुला देश में,
नकल, परीक्षा, भ्रष्टाचार।
टाइट केवल आज दिख रहा,
खुली सोच या फिर बाजार।
धर्म सियासत सभी लीक पर,
लीक सनातन सा व्यवहार।
लीक छोड़ अब तीनों चलते,
नेता, बाबा या बेकार।।

ट्रैविस हेड की 137 रनों की शतकीय और मार्नस लाबुशेन अविजित 58 रनों की अर्धशतकीय पारी की बदौलत

# ऑस्ट्रेलिया ने जीता विश्वकप का खिताब

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**अहमदाबाद/वार्ता।** ट्रैविस हेड की 137 रनों की शतकीय और मार्नस लाबुशेन अविजित 58 रनों की अर्धशतकीय पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को आईसीसी विश्वकप के फाइनल मुकबाले में भारत को छह विकेट हराकर छठी बार खिताब पर कब्जा किया।

नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में 241 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत बेहद खराब रही और उसने 47 स्कोर पर अपने तीन शीर्ष बल्लेबाज डेविड वॉर्नर सात रन, मिचेल मार्श 15 रन और स्टीव स्मिथ चार को खो दिया। इसके बाद ट्रैविस हेड और मार्नस लाबुशेन संयम के साथ खेलते हुए टीम को विजय के द्वार पहुंचा दिया। हालांकि जीत के दो रन पहले ट्रैविस 120 गेंदों में 137 रनों पर सिराज की गेंद पर गिल को कैच थमा बैठे। इसके बाद 43 ओवर की आखिरी गेंद पर ग्लेन मैक्सवेल दो रन बनाते हुए स्कोर 241 रन कर टीम को फाइनल मुकाबले में जीत दिला दी। ऑस्ट्रेलिया की विश्वकप की यह छठी खिताबी जीत है। वहीं भारत दूसरी बार फाइनल में हारा है।

भारत की ओर से बुमराह ने दो विकेट लिये। वहीं शमी और सिराज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले केएल राहुल 66 रन, विराट कोहली 54 रनों की अर्धशतकीय पारी और रोहित शर्मा के धुआंधार 47 रनों की बदौलत भारत ने ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 241 रनों का लक्ष्य दिया है।

ऑस्ट्रेलिया ने आज टॉस जीत कर भारत को बल्लेबाजी का न्यौता दिया। पहले बल्लेबाजी करे रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने टीम को शानदार शुरूआत देने का प्रयास किया लेकिन मिचेल स्टार्क ने पांचवें ओवर में शुभमन गिल सात रन पर आउट कर दिया। रोहित शर्मा के रूप में भारत का दूसरा विकेट गिरा उन्होंने 31 गेंदों में 4 चौके और 3 छक्कों की मदद से 47 रन बनाये। उन्हें ग्लेन मैक्सवेल ने आउट किया। अगले ही ओवर में श्रेयस अय्यर चार रन को पैट कमिंस ने विकेट के पीछे कैच आउट करा दिया।

## नतीजा हमारे पक्ष में नहीं रहा लेकिन मुझे अपनी टीम पर गर्व है : रोहित



**अहमदाबाद/वार्ता।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने रविवार को आईसीसी विश्वकप के खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया से मिली हार के बाद कहा कि मैच का नतीजा हमारे पक्ष में नहीं गया है लेकिन मुझे अपनी टीम पर गर्व है। आज यहां नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में रोहित शर्मा ने कहा, नतीजा हमारे पक्ष में नहीं गया है लेकिन मुझे अपनी टीम पर गर्व है जिस तरह से हमने पूरे टूर्नामिंट मेंन खेला। हम 20-30 रन कम रह गए। जब राहुल और विराट 25 ओवर के आसपास बल्लेबाज़ी कर रहे थे तब हमने सोचा था कि 270-80 रन पार स्कोर होता। शुरूआत में तीन विकेट लेने के बाद हमने जो संभव हो सका वो किया लेकिन हेड और लाबुशेन मैच को हमारे पक्ष से दूर ले गए। पिच अंडरलाइट्स बाद में बल्लेबाज़ी के लिए अच्छी होगी। हम पिच का बहाना कर सकते हैं लेकिन हमें यह मानना होगा कि हमने बोर्ड पर पर्याप्त रन स्कोर करने लायक बल्लेबाज़ी नहीं की। विराट कोहली को प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामिंट का अवॉर्ड नवाजा गया है लेकिन कोहली की निराशा साफ झलक रही है।

## कोहली को गले लगाने मैदान में घुसा फलस्तीन समर्थक प्रशंसक



**अहमदाबाद/भाषा।** भारतीय स्टार विराट कोहली का एक प्रशंसक आस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप फाइनल के दौरान सुरक्षा घेरा तोड़कर मैदान में घुस गया जो फलस्तीन का समर्थक था और उसने उन्हें गले लगाने का प्रयास किया। यह घटना पहले ड्रिंक ब्रेक से पहले हुई। सुरक्षाकर्मियों ने इस व्यक्ति को पकड़ लिया। उसका नाम वेन जॉनसन है और वह चीनी फिलिपिनो मूल का आस्ट्रेलियाई है। उसे गिरफ्तार कर चंद खेड़ा पुलिस स्टेशन ले जाया गया। क्रिकेट मैच में राजनीतिक नारेबाजी अपराध है लेकिन जॉनसन विदेशी नागरिक है तो नहीं पता कि उसके खिलाफ किस तरह की कार्रवाई की जायेगी। जॉनसन ने चेहरे पर फलस्तीन के झंडे के डिजाइन वाला मास्क लगाया हुआ था और टी शर्ट के दोनों ओर भी इसके समर्थन के स्लोगन लिखे हुए थे। टी शर्ट के आगे 'फलस्तीन पर बमबारी बंद करो' और पीछे 'फलस्तीन को बचाओ' लिखा था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) अपने आयोजन के दौरान किसी भी राजनीतिक नारेबाजी की अनुमति नहीं देता है और भारत में भी इसकी अनुमति नहीं है।

## मोदी ने भारतीय टीम का मनोबल बढ़ाया, ऑस्ट्रेलिया को विश्व कप जीतने पर बधाई दी



**अहमदाबाद/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को यहां आईसीसी क्रिकेट विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ छह विकेट की हार के बाद भारतीय टीम की हौसलाअफजाई की तो वहीं विजेता टीम को खिताब जीतने पर बधाई दी। मोदी ने भारत की हार के बाद टीम की प्रतिभा की सराहना की और कहा कि देश उनके साथ खड़ा है और हमेशा खड़ा रहेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, ''प्रिय टीम इंडिया, विश्व कप में आपकी प्रतिभा और दृढ़ संकल्प उल्लेखनीय था। आपने बहुत अच्छे जज्बे के साथ खेले और देश को गौरवांवित किया। हम आज और हमेशा आपके साथ खड़े हैं।'' ऑस्ट्रेलिया को बधाई देते हुए उन्होंने लिखा, ''विश्व कप में शानदार जीत पर ऑस्ट्रेलिया को बधाई! पूरे टूर्नामिंट में उनका प्रदर्शन सराहनीय रहा जिसका समापन शानदार जीत के साथ हुआ। ट्रैविस हेड को आज उनके उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए बधाई।''

## फाइनल में भारत की हार विश्व कप में उसके दबदबे को कम नहीं कर सकती : कांग्रेस



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने ऑस्ट्रेलिया को क्रिकेट विश्व कप जीतने की बधाई देते हुए रविवार को कहा कि फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम की हार इस विश्व कप टूर्नामिंट में उसके प्रभुत्व को कम नहीं कर सकती। कांग्रेस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''ऑस्ट्रेलिया को बधाई। हम नीली जर्सी वाले अपने खिलाड़ियों से कहना चाहेंगे कि फाइनल में हार पूरे टूर्नामिंट में दिखाए गए दबदबे को कम नहीं कर सकती। आपने सच्चे विजेता की भावना का प्रदर्शन किया है। एक अविश्वसनीय यात्रा के लिए धन्यवाद।'' पार्टी ने कहा, ''भारतीय टीम ने हमारा दिल जीत लिया।'' कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने टीम ऑस्ट्रेलिया को बधाई देते हुए कहा, ''भारत ने अच्छा खेला और दिल जीते। मुकाबले में आपकी प्रतिभा और खेल भावना दिखी।'' खरगे ने 'एक्स' पर लिखा, ''पूरे विश्व कप में आपके उल्लेखनीय प्रदर्शन पर हर भारतीय को गर्व है।

## फंसे श्रमिकों को बाहर निकालना सबसे बड़ी प्राथमिकता : नितिन गडकरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



■ नितिन गडकरी ने सिलक्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों के बचाव कार्यों की समीक्षा की

**उत्तरकाशी/भाषा।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को कहा कि सिलक्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों को बचाने की हर मुमकिन कोशिश की जा रही है और उन्हें जल्द बाहर निकालना सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है ।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ मौके पर पहुंचे केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विषम हिमालयी परिस्थितियों को देखते हुए बचाव अभियान चुनौतीपूर्ण है । उन्होंने कहा कि यहां मिट्टी का स्तर एक समान नहीं है और यह मुलायम और कठोर दोनों है जिससे यांत्रिक अभियान चलाया जाना मुश्किल है। मौके पर बचाव कार्यों की समीक्षा करने के बाद गडकरी ने संवाददाताओं को बताया कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए अमेरिकी आगर मशीन से मलबे में क्षैतिज ड्रिलिंग करके सुरंग में फंसे श्रमिकों तक सबसे जल्दी पहुंचने का तरीका है ।

गडकरी ने कहा, 'अमेरिकी आगर जब मुलायम मिट्टी में ड्रिलिंग कर रही थी तब वह सही तरीके से काम कर रही थी, लेकिन जब उसके सामने एक कठोर बाधा आयी तो समस्या आने लगी । इस कारण मशीन को ज्यादा दवाब डालना पड़ा जिससे कंपन हुए और सुरक्षा कारणों से इसे रोक दिया गया।'

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सुरंग में फंसे मजदूरों और उनके परिजनों के मनोबल को बनाए रखना इस समय सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है । उन्होंने कहा, ' हम इस समय एक साथ छह विकल्पों पर काम कर रहे हैं । प्रधानमंत्री कार्यालय भी बचाव अभियान की करीब से निगरानी कर रहा है । हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता सभी फंसे श्रमिकों को जल्द से जल्द बचाना है । जो भी जरूरी होगा, वह किया जाएगा ।'

## म्यांमार के 29 सैनिकों को वापस भेजा गया

**आइजोल/भाषा।** मिलिशिया समूह 'पीपुल्स डिफेंस फोर्स' (पीडीएफ) के साथ भीषण मुठभेड़ के बाद भागकर मिजोरम आए म्यांमा के 29 सैनिकों को रविवार को उनके देश वापस भेज दिया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इसी के साथ मिलिशिया समूह द्वारा हालिया मुठभेड़ में सैन्य बलों के शिविरों पर कब्जे के बाद भारत आए म्यांमा के अब तक कुल 74 सैन्यकर्मियों को उनके देश वापस भेजा जा चुका है। ये 29 सैनिक 16 नवंबर को भागकर उस समय मिजोरम आए थे, जब अंतरराष्ट्रीय सीमा से कुछ किलोमीटर दूर म्यांमा के चिन राज्य के तुइबुअल में उनके शिविर पर पीडीएफ से संबद्ध एक स्थानीय मिलिशिया समूह 'चिन नेशनल डिफेंस फोर्स' (सीएनडीएफ) ने कब्जा कर लिया था। अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''रक्षा प्राधिकारी इन सैनिकों को हवाई मार्ग से मणिपुर के मोरेह ले गए। मोरेह से वे निकटतम म्यांमा शहर तामू ले जाये गए।''




## निकारागुआ की शेन्निस पलासियोस बनीं 'मिस यूनिवर्स 2023'

**नई दिल्ली/भाषा।** मध्य अमेरिकी देश निकारागुआ की शेन्निस पलासियोस ने वर्ष 2023 के लिए 'मिस यूनिवर्स' का ताज अपने नाम किया है। इस अंतरराष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता में उनके देश की यह पहली जीत है। 'मिस यूनिवर्स' प्रतियोगिता का 72वां संस्करण शनिवार रात अल साल्वाडोर के सैन साल्वाडोर में जोस एडोल्फो पिनेडा एरिना में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में मिस थाईलैंड एन्टोनिया पोर्सिल्ड पहली रनर-अप और मिस ऑस्ट्रेलिया मोरया विल्सन दूसरी रनर-अप रहीं।

'मिस यूनिवर्स' ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज पर यह जानकारी साझा की। 'मिस यूनिवर्स' ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर पोस्ट किया, ''मिस यूनिवर्स 2023 शेन्निस पलासियोस हैं।''

## यमन के हूती विद्रोहियों ने भारत आ रहे इजराइल से जुड़े जहाज का अपहरण किया



**यरुशलम/एपी।** इज़राइल ने कहा कि यमन के हूती विद्रोहियों ने रविवार को महत्वपूर्ण लाल सागर नौवहन मार्ग में भारत जा रहे इजराइल से जुड़े एक मालवाहक जहाज का अपहरण कर लिया। इज़राइल को जब घटना की जानकारी मिली तो उस समय जहाज तुर्की के कोरफेज में था और भारत के पिपावाव की ओर जा रहा था। इस घटना के बाद यह आशंका जताई जा रही है कि इजराइल-हमास संघर्ष के कारण क्षेत्रीय तनाव एक नए समुद्री मोर्चे पर फैल सकता है।

यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई। विद्रोहियों ने रविवार को लाल सागर में इजराइल से जुड़े जहाजों को निशाना बनाने की धमकी दी थी। पिछले महीने, हूती विद्रोहियों पर समुद्र के महत्वपूर्ण नौवहन मार्ग से मिसाइल और ड्रोन भेजने का संदेह था।

## भारतीय अर्थव्यवस्था चार ट्रिलियन डॉलर के पार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

■ भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से अग्रसर

**नई दिल्ली/वार्ता।** देश की अर्थव्यवस्था के लिहाज से आज का दिन यादगार बन गया जब भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पहली बार 4 ट्रिलियन डॉलर के पार निकल गई।

भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। भारत की जीडीपी में पिछले कुछ वर्षों में लगातार वृद्धि हुई है। 2021 में, भारत की जीडीपी 3.2 ट्रिलियन डॉलर थी, 2022 में, यह बढ़कर 3.6 ट्रिलियन डॉलर हो गई और 2023 में, यह बढ़कर 4 ट्रिलियन डॉलर हो गई। जर्मनी अभी दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और जर्मनी की अर्थव्यवस्था अभी 4.28 ट्रिलियल डॉलर है।

चालू वर्ष में अब तक भारत का विदेशी मुद्रा भंडार में 28.1 अरब डॉलर की वृद्धि हो चुकी है।

इस बीच देश की आर्थिक तरक्की को लेकर सोशल मीडिया पर जमकर तारीफ हो रही है। देश की इस तरक्की के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी जा रही है। सोशली मीडिया प्लेटफॉर्म पर अधिकांश यूजर कह रहे हैं कि मोदी हो तो सबकुछ मुमकिन हैं। इसके अलावा देश के दिग्गज उद्यमी, नेता और दिग्गज हस्तियां भी प्रधानमंत्री की प्रशंसा कर रही है। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने एक्स पर पोस्ट किया, भारत के लिए यह वैश्विक गौरव का क्षण है क्योंकि हमारी जीडीपी 4 ट्रिलियन डॉलर को पार कर गई है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नए भारत का उदय। नरेंद्र मोदी जी का नेतृत्व वास्तव में अद्वितीय है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस आर्थिक तरक्री के लिए पीएम मोदी की जमकर तारफी की है। उन्होंने एक्स पर लिखा,गतिशील, दूरदर्शी नेतृत्व ऐसा दिखता है। खूबसूरती से प्रगति कर रहा हमारा नयाभारत ऐसा ही दिखता है।

# ‘30% कमीशन वाली बीआरएस सरकार’ को 30 नवंबर के मतदान के बाद विदा करना चाहिए: नड्डा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/भाषा।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) विधायकों पर तेलंगाना सरकार की 'दलित बंधु' योजना में 30 प्रतिशत कमीशन वसूलने का आरोप लगाते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने रविवार को कहा कि राज्य में के.चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली सरकार को आगामी विधानसभा चुनावों के बाद विदा किया जाना चाहिए। उन्होंने लोगों से उनकी पार्टी (भाजपा) को चुनने का आग्रह किया।



नड्डा ने नारायणपेट में एक रैली में यह भी आरोप लगाया कि कालेश्वरम सिंचाई परियोजना ने मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव के लिए एटीएम के रूप में काम किया और यह भ्रष्टाचार का प्रतीक बन गई। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तेलंगाना में सत्ता में आने के बाद परियोजना में कथित भ्रष्टाचार की जांच करेगी और दोषियों को जेल भेजेगी।

राव पर मतों की खातिर तुष्टीकरण की राजनीति में शामिल होने का आरोप लगाते हुए भारतीय जनता पार्टी प्रमुख ने कहा कि उन्होंने एक विशेष समुदाय के आरक्षण को चार प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत करने का प्रस्ताव करने के अलावा उर्दू को दूसरी आधिकारिक भाषा बनाया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राज्य में मंदिरों की भूमि का उपयोग अन्य उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है।

नड्डा ने कहा, बीआरएस विधायकों ने दलित बंधु योजना की राशि में 30 प्रतिशत कमीशन लिया या नहीं? क्या आपने (केसीआर) विधायकों की बैठक में नहीं कहा कि विधायक 30 फीसदी हिस्सा ले रहे हैं? इस 30 प्रतिशत कमीशन वाली सरकार को 30 नवंबर को विदा कर देना चाहिए और भारतीय जनता पार्टी सरकार लानी चाहिए और हमें इस दिशा में काम करने की जरूरत है।

'दलित बंधु' बीआरएस की एक प्रमुख दलित कल्याण योजना है जिसके तहत प्रति लाभार्थी को उसकी पसंद का कोई भी व्यवसाय शुरू करने के लिए 10 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

उन्होंने दावा किया कि तेलंगाना 8.5 प्रतिशत मुद्रास्फीति से जूझ रहा है और ईंधन की कीमतें यहां देश में सबसे ज्यादा हैं।

## ‘भारत की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की यात्रा में स्टार्टअप की महत्वपूर्ण भूमिका’

**तिरुवनंतपुरम/वार्ता।** केंद्र सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. वी. अनंत नागेश्वरन ने कहा है कि स्टार्टअप भारत की महत्वाकांक्षी विकास संबंधी आकांक्षाओं को हासिल करने और कुछ वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में सर्वोपरि भूमिका निभाते हैं।

तीन दिवसीय प्रमुख कार्यक्रम के समापन से पहले, यहां केरल स्टार्टअप मिशन (केएसयूएम) के हडल ग्लोबल 2023 में का डॉ. नागेश्वरन ने कहा कि केरल सहित देश के टियर -2 और टियर -3 शहर बुनियादी ढांचे में सुधार और सरकार की सहायक नीतियों का लाभ उठाते हुए पूंजी स्टार्टअप पावरहाउस के रूप में उभर रही है। उन्होंने कहा, हम पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और कुछ वर्षों में



तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं।

डॉ. नागेश्वरन ने कहा कि केएसयूएम ने राज्य को वैश्विक स्टार्टअप क्षेत्र में सबसे आगे रखा। यह भौतिक और डिजिटल बुनियादी ढांचे के विस्तार की नींव पर बिजनेस मॉडल विकसित करने में भारत में स्टार्टअप्स की सक्रिय भागीदारी देश के लिए दक्षता, राजस्व और आर्थिक रिटर्न उत्पन्न करना जारी रखेगा।

## नवंबर में एफपीआई का रुख बदला, अब तक 1,433 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** पिछले ढाई महीनों में लगातार बिकवाली के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने नवंबर में अब तक 1,433 करोड़ रुपये की भारतीय इक्विटी खरीदी है। इसका मुख्य कारण अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट और कच्चे तेल की कीमतों में आई नरमी है।

एफपीआई 15 नवंबर तक शुद्ध विक्रेता की स्थिति में थे लेकिन डिपॉजिटरी आंकड़ों के अनुसार उन्होंने 16-17 नवंबर को भारतीय इक्विटी बाजार में निवेश कर बिकवाली की प्रवृत्ति को पलट दिया। मॉर्निंगस्टार इंवेस्टमेंट एडवाइजर इंडिया के सह निदेशक एवं शोध प्रबंधक हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, भारत में जारी त्योहारी मौसम को भारतीय बाजार में एफपीआई की नए सिरे से रुचि के लिए एक कारक के रूप में देखा जा रहा है।

इसके साथ अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल गिरने और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने भी कुछ दबावों को कम किया है जिससे बाजार में तेजी आई है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि बाजार के जुझारूपन और माकूल समय में तगड़ी तेजी ने एफपीआई को रणनीति पर पुनर्विचार के लिए मजबूर किया है। यही कारण है कि नवंबर के पहले दो हफ्तों में लगातार बिकवाली के बाद वे इस महीने की 15 और 16 तारीख को खरीदार बन गए। विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने दरों में बढ़ोतरी का काम पूरा कर लिया है और 2024 में धीरे-धीरे दरों में कटौती करना शुरू करेगा। अगर अमेरिकी मुद्रास्फीति में गिरावट का रुख जारी रहता है तो फेडरल रिजर्व अगले साल के मध्य तक दरों में कटौती कर सकता है। इससे भारत जैसे उदीयमान बाजारों में एफपीआई प्रवाह को सुगम बनाया जा सकता है।

सिलक्यारा सुरंग हादसा

## लंबवत ड्रिलिंग शुरू करने के लिए बीआरओ रास्ता बनाने में जुटा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**उत्तरकाशी/भाषा।** सिलक्यारा सुरंग के एक हिस्से के ढहने के आठवें दिन रविवार को उसमें फंसे 41 श्रमिकों को बाहर निकालने की कवायद में तेजी आयी है जिसके तहत सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) सुरंग के ऊपर से 'लंबवत ड्रिलिंग' शुरू करने के लिए रास्ता बनाने में जुटा है।

यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर निर्माणाधीन सिलक्यारा सुंरग के एक हिस्से के ढहने से पिछले सात दिनों से फंसे श्रमिकों तक पहुंचने के लिए 'लंबवत ड्रिलिंग' के विकल्प पर शनिवार शाम से काम शुरू किया गया। मौके पर मौजूद एक अधिकारी ने कहा कि उम्मीद है कि बीआरओ द्वारा बनाया जा रहा रास्ता दोपहर तक तैयार हो जाएगा जिससे सुरंग के ऊपर चिह्नित बिंदु तक मशीनें पहुंचाने के बाद 'लंबवत ड्रिलिंग' शुरू की जा सके।





मौके पर पहुंचे प्रधानमंत्री कार्यालय के कई अधिकारी और देश-विदेश के विशेषज्ञ फंसे श्रमिकों को सकुशल बाहर निकाले जाने के लिए चलाए जा रहे बचाव कार्यों की निगरानी के लिए सिलक्यारा में डटे हुए हैं। पिछले एक सप्ताह से अमल में लाई जा रही योजनाओं के इच्छित परिणाम न मिलने के बाद शनिवार को प्रधानमंत्री कार्यालय में उपसचिव मंगेश घिल्डियाल और प्रधानमंत्री के पूर्व सलाहकार भास्कर खुल्बे सहित वरिष्ठ अधिकारियों और विशेषज्ञों ने पांच योजनाओं पर एक साथ काम करने का निर्णय लिया था।

खुल्बे ने संवाददाताओं को बताया कि इन पांच योजनाओं में सुरंग के सिलक्यारा और बड़कोट, दोनों छोरों से ड्रिलिंग करने के अलावा सुरंग के ऊपर से लंबवत ड्रिलिंग और सुरंग के बायें और दाएं से ड्रिलिंग करना शामिल है । 12 नवंबर को दीवाली वाले दिन की सुबह सुरंग का एक हिस्सा ढह गया था और तब से 41 श्रमिक उसके अंदर फंसे हुए हैं । श्रमिकों को निकालने के लिए सुरंग के मलबे को भेदकर स्टील की कई पाइप डालकर 'निकलने का रास्ता' बनाने की योजना में तकनीकी अड़चन आ जाने से ही अमेरिकी ऑगर मशीन से की जा रही ड्रिलिंग का काम ठप है। मौके पर स्थापित नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के अनुसार, फंसे श्रमिकों तक पर्याप्त भोजन तथा अन्य जरूरी सामान पहुंचाने के लिए बड़े व्यास के पाइप डाले गए हैं। खुल्बे ने कहा कि ठोस प्रयासों से चार-पांच दिन में या उससे भी पहले अच्छे परिणाम मिल सकते हैं।

## सेल की स्थापित क्षमता 1.5 करोड़ टन बढ़ाने का काम शुरू: चेयरमैन अमरेंदु प्रकाश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात विनिर्माता सेल के चेयरमैन अमरेंदु प्रकाश ने कहा है कि स्थापित क्षमता में 1.5 करोड़ टन के विस्तार की योजना पर काम शुरू कर दिया गया है।

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की मौजूदा स्थापित क्षमता लगभग दो करोड़ टन प्रति वर्ष है।

प्रकाश ने सेल की विस्तार योजनाओं के बारे में पूछे गए एक सवाल पर कहा, इसे शुरू कर दिया गया है। योजना के पहले चरण में हम इसे 3.5 करोड़ टन तक ले जाने वाले हैं। इस तरह विस्तार का पहला चरण 1.5 करोड़ टन का है।



विस्तार योजना पर खर्च की जाने वाली राशि और इसमें लगने वाले समय के बारे में सेल चेयरमैन ने कहा कि कंपनी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) पर सक्रियता से काम कर रही है और फिलहाल कोई भी संख्या बता पाना मुश्किल है। विस्तार योजना के लिए वित्तपोषण मॉडल के बारे में प्रकाश ने कहा कि सेल इसके लिए अपने कोष का इस्तेमाल करेगी और बाजार से भी फंड जुटाएगी। उन्होंने कहा, वित्तपोषण आंतरिक संसाधनों और बाजार दोनों का मिश्रण होगा। इस्पात उद्योग एक बड़े पूंजीगत व्यय वाला उद्योग है। हम फंड के लिए बाजार में रहेंगे।

सेल के शीर्ष अधिकारी ने कहा कि कंपनी न केवल अपनी स्थापित इस्पात निर्माण क्षमता का विस्तार करेगी बल्कि नई प्रौद्योगिकियां भी स्थापित करेगी। इसके साथ ही सेल कच्चे माल और तैयार उत्पादों की आवाजाही के लिए लॉजिस्टिक बुनियादी ढांचे का विकास भी करेगी।

इस्पात मंत्रालय के तहत संचालित सेल के पास देश के विभिन्न स्थानों में पांच एकीकृत और तीन विशेष इस्पात संयंत्र हैं।

## मर्सिडीज, ऑडी ने त्योहारी मौसम में की रिकॉर्ड बिक्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय बाजार में महंगी कारों की बढ़ती मांग के बीच लग्जरी कार विनिर्माताओं मर्सिडीज और ऑडी ने इस त्योहारी मौसम में रिकॉर्ड संख्या में गाड़ियों की बिक्री की है। पूरे साल लग्जरी गाड़ियों की बिक्री में तेजी रहने से इस साल भारत में महंगी कारों की बिक्री अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर रह सकती है।



मर्सिडीज-बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक संतोष अय्यर ने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में कहा कि कई नए उत्पादों की पेशकश, आकर्षक पोर्टफोलियो और मजबूत ग्राहक धारणा से इस साल ओणम से दिवाली तक त्योहारी मौसम पिछले साल की तुलना में बेहतर रहा है। उन्होंने कहा, हमने दशहरा, धनतेरस और दिवाली के दौरान कारों की रिकॉर्ड आपूर्ति की है जो ग्राहकों के उत्साह को दर्शाता है।

अय्यर ने कहा कि मर्सिडीज का दृष्टिकोण सकारात्मक बना हुआ है और इस साल रिकॉर्ड बिक्री की उम्मीद है। हालांकि आपूर्ति शृंखला से संबंधित व्यवधानों की वजह से कुछ चुनौतियां आने की आशंका बनी हुई है।

लग्जरी कार कंपनी ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा कि कंपनी ने जनवरी-सितंबर 2023 में 5,530 इकाइयों की खुदरा बिक्री के साथ 88 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज की है। उन्होंने कहा, हम हाल के दिनों में उच्चतम ऑर्डर देख रहे हैं। यह त्योहारी समय ऑडी इंडिया के लिए बड़े उत्सव का प्रतीक है।



## केंद्र सरकार केरल में आर्थिक संकट पैदा करने की कोशिश कर रही है: विजयन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कासरगोड (केरल)/भाषा।** केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर संघीय ढांचे को नष्ट करने और अपनी विभिन्न नीतियों के माध्यम से राज्य में आर्थिक संकट पैदा करने के प्रयास का रविवार को आरोप लगाया। उन्होंने कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) पर इस मामले पर मूकदर्शक बने रहने का आरोप लगाया।

विजयन ने केंद्र सरकार पर केरल के प्रति उपेक्षा और भेदभावपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि कर संग्रह, घरेलू उत्पादन और बुनियादी ढांचे के विकास में अभूतपूर्व लाभ हासिल करने के बावजूद राज्य के साथ ऐसा व्यवहार किया जा रहा है।

शाम को यहां उडुमा निर्वाचन क्षेत्र में 'नव केरल सदास' में मुख्यमंत्री ने कहा कि 2016 में जब से केरल में वामदलों की सरकार बनी है तब से केंद्र सरकार अपनी विभिन्न नीतियों के माध्यम से आर्थिक रूप से राज्य सरकार का गला घोंट रही है।

उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा, कांग्रेस और उसके नेतृत्व वाला विपक्षी गठबंधन यूडीएफ इस भेदभाव पर मूकदर्शक बने हुए हैं। राज्य और इसकी जनता के खिलाफ केंद्र सरकार के कार्यों के विरुद्ध बोलने में इतनी झिझक क्यों है?

## मप्र विधानसभा चुनाव में 77.15 फीसदी मतदान हुआ : निर्वाचन आयोग

**भोपाल/भाषा।** हाल ही में संपन्न हुए मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में 77.15 फीसदी मतदान हुआ, जो 2018 में हुए विधानसभा चुनाव की तुलना में 1.52 फीसदी अधिक है। निर्वाचन आयोग (ईसीआई) द्वारा जारी ताजा आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई। राज्य की सभी 230 विधानसभा सीटों के लिए 17 नवंबर को एक ही चरण में मतदान हुआ था।

शनिवार रात ईसीआई द्वारा जारी अनंतिम आंकड़ों के अनुसार राज्य में 77.15 फीसदी मतदान हुआ। विधानसभा चुनाव में 78.21 फीसदी पुरुष मतदाताओं तथा 76.03 फीसदी महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकारों का प्रयोग किया। आंकड़ों के मुताबिक, रतलाम जिले की सैलाना विधानसभा सीट पर सबसे अधिक 90.10 फीसदी मतदान हुआ, जबकि राज्य के पश्चिमी क्षेत्र में अलीराजपुर जिले की जोबट सीट पर सबसे कम 54.37 फीसदी मतदान हुआ। पिछले कुछ चुनावों में राज्य में मतदान प्रतिशत लगातार बढ़ रहा है। 2003 में यह आंकड़ा 67.25 फीसदी, 2008 में 69.78 फीसदी, 2013 में 72.13 फीसदी तथा 2018 में 75.63 फीसदी था। पिछले विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 41.02 फीसदी, कांग्रेस को 40.89 फीसदी, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और अन्य पार्टियों को 10.83 फीसदी वोट मिले थे। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य में कुल 64,626 मतदान केंद्र बनाये गये थे।



## हिमाचल की 3 महिलाएं हरियाणा में उड़ा रहीं ड्रोन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**शिमला/वार्ता।** हिमाचल प्रदेश की तीन महिलाएं हरियाणा के मानेसर में ड्रोन उड़ाने का प्रशिक्षण ले रही हैं। यह प्रशिक्षण 16 से 30 नवंबर तक होगा। प्रशिक्षण समाप्त होने के बाद दिसंबर माह की शुरुआत से प्रदेश में ड्रोन की खेप भी जारी होगी। इससे महिलाएं खेतों व बगीचों में कीटनाशक व खाद का ड्रोन से छिड़काव करेंगी। जानकारी के अनुसार इफको की ओर संचालित ड्रोन उड़ाने के प्रशिक्षण में चयनित महिलाओं में दो मंडी जिला की रहने वाली हैं।

हिमाचल के राज्य विपणन प्रबंधक, इफको भुवनेश पठानिया ने बताया कि चयनित लोगों में सबसे पहले तीन महिलाओं को ट्रेनिंग के लिए भेजा गया है। दिसंबर में अन्य उम्मीदवारों का प्रशिक्षण भी होगा। प्रशिक्षण पाने वालों को क्रमवार तरीके से ड्रोन और इलेक्ट्रिक वाहन दिए जाएंगे। कृषि और बागवानी में इस मुहिम के शानदार परिणाम सामने आएंगे। इनमें एक महिला करसोग की रहने वाली जीनत व दूसरी बल्ह घाटी की आरती हैं। सिरमौर जिला के पांवटा साहिब की माजरा सोसाइटी में निवासी परमजीत कौर भी इस प्रशिक्षण में हिस्सा ले रही हैं।इन तीन महिलाओं को हरियाणा के मानेसर में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसे पूरा करने के बाद सभी महिलाओं को दिसंबर माह में ड्रोन भी दिए जाएंगे, जिसके लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा। इसके साथ एक इलेक्ट्रिक वाहन (थ्री व्हीलर) भी जारी किया जाएगा, जिसका इस्तेमाल ड्रोन को एक से दूसरे स्थान पर सुगम तरीके से लेकर जाने में होगा।

इलेक्ट्रिक वाहन की खेप प्रदेश में ड्रोन से पहले जारी होगी। जिला ऊना में प्रदेश का पहला इलेक्ट्रिक वाहन चरूड़ गांव से चयनित उम्मीदवार के लिए जारी होगा। इसके बाद ट्रेनिंग लेने वाले लोगों को इस वाहन को दिया जाएगा। 20 नवंबर को पहला इलेक्ट्रिक वाहन चरूड़ पहुंचेगा। हालांकि चरूड़ के चयनित व्यक्ति को अभी ड्रोन का प्रशिक्षण मिलना बाकी है।

## अल नीनो से गन्ने की फसल प्रभावित होने से दुनिया भर में चीनी की कीमतें तेज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बैंकॉक/एपी।** चीनी की आसमान छूती कीमतों के कारण विकासशील देशों में लोगों को गंभीर स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में पिछले दो महीनों में चीनी के दाम 55 प्रतिशत तक बढ़ चुके हैं।

दुनिया भर में चीनी के भाव 2011 के बाद से सबसे ऊंचे स्तर पर हैं। दुनिया के दूसरे और तीसरे सबसे बड़े निर्यातक देश भारत और थाईलैंड में असामान्य रूप से शुष्क मौसम के कारण गन्ने की फसल को नुकसान होने से चीनी की वैश्विक आपूर्ति कम हुई है। यह उन विकासशील देशों के लिए एक नया झटका है, जो पहले ही चावल जैसे मुख्य खाद्य पदार्थों की कमी से जूझ रहे हैं। इस वजह से खाद्य मुद्रास्फीति बढ़ गई है। प्राकृतिक रूप से हो रही जलवायु परिघटना अल नीनो, यूक्रेन में युद्ध और कमजोर मुद्राओं के कारण खाद्य असुरक्षा बढ़ी है। पश्चिमी दुनिया के अमीर देश ऊंची लागत को वहन कर सकते हैं, लेकिन गरीब देशों में लोगों को आजीविका के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) का अनुमान है कि 2023-24 सत्र में चीनी का वैश्विक उत्पादन दो प्रतिशत तक कम रह सकता है। एफएओ के वैश्विक कमोडिटी बाजार शोधकर्ता फैबियो पाल्मेरी ने कहा कि ऐसा होने पर वैश्विक चीनी उत्पादन में लगभग 35 लाख टन की गिरावट आ जाएगी।

## मप्र में कांग्रेस कार्यकर्ता की मौत: दिग्विजय ने धरना समाप्त किया, भाजपा ने पुलिस पर पक्षपात का आरोप लगाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**छतरपुर (मध्य प्रदेश)/भाषा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने 17 नवंबर को हुए विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी के एक कार्यकर्ता की मौत होने के सिलसिले में मध्य प्रदेश के छतरपुर में खजुराहो पुलिस थाने के बाहर अपना धरना रविवार को समाप्त कर दिया।

राजनगर विधानसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पदाधिकारियों के साथ झड़प के दौरान एक कार से कुचलकर कांग्रेस कार्यकर्ता सलमान खान की मौत हो गई थी। सिंह ने शनिवार को पार्टी विधायकों आलोक चतुर्वेदी और विक्रम सिंह के साथ अपना धरना शुरू किया था और पुलिस थाने के बाहर एक तंबू में रात भर रुके थे। भाजपा की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष वी. डी. शर्मा ने निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को की गई एक शिकायत में दावा किया कि पुलिस ने पक्षपातपूर्ण तरीके से काम किया और आरोप लगाया कि चुनाव को प्रभावित करने के लिए कांग्रेस उम्मीदवार विक्रम सिंह नाती राजा ने खान की हत्या कर दी। पुलिस ने शुक्रवार देर रात, राजनगर सीट से भाजपा प्रत्याशी अरविंद पटेरिया और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। सिंह ने रविवार सुबह पत्रकारों से कहा कि मामले में 20 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है लेकिन अब तक किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।





## म्यूचुअल फंड का एनएफओ संग्रह सितंबर तिमाही में 22,000 करोड़ रुपये रहा

**नई दिल्ली/भाषा।** म्यूचुअल फंड उद्योग ने नए फंड पेशकश (एनएफओ) के जरिये चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 22,000 करोड़ रुपये जुटाए।

यह आंकड़ा पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के मुकाबले चार गुना है। समीक्षाधीन तिमाही में 48 नई एनएफओ योजनाएं बाजार में आईं।

मॉर्निंगस्टार इंडिया की तरफ से एकत्रित आंकड़ों के मुताबिक, 2022-23 की अप्रैल-जून तिमाही में 25 एनएफओ के जरिये 5,539 करोड़ रुपये जुटाए गए थे।

इक्विटी निवेश मंच फाएर्स के शोध उपाध्यक्ष गोपाल कवलिरेड्डी ने कहा कि आने वाली तिमाहियों में और अधिक एनएफओ आने की उम्मीद है। कई परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियां (एएमसी) के आने से इक्विटी एवं बॉन्ड निवेशकों को उत्पादों की पेशकश बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि निवेशकों के भारत की वृद्धि संभावनाओं में दृढ़ विश्वास और संगठित क्षेत्र के आगे बढ़ने के कारण अधिक से अधिक कंपनियां प्राथमिक और द्वितीयक बाजार की पेशकशों के जरिए पूंजी जुटाने की कोशिश कर रही हैं।



# आरएसएस ने तमिलनाडु में 55 स्थानों पर शांतिपूर्ण मार्च निकाला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 99वें स्थापना वर्ष और संत रामलिंग स्वामीगल (वल्लालर) की 200वीं जयंती के साथ-साथ स्वामी विवेकानन्द और बीआर अंबेडकर के राष्ट्रवादी आदर्शों का सम्मान करते हुए, आरएसएस ने रविवार को 55 अलग-अलग स्थानों पर रूट मार्च निकाला।

पुलिस सुरक्षा की सहायता से चेन्नई, चेंगलपेट, कांचीपुरम, मदुरै, कोयंबटूर, तिरुपुर, शिवगंगा, नीलगिरी सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों में रैलियां आयोजित की। चेन्नई के क्रोमपेट में आयोजित आरएसएस रैली में राज्य मंत्री एल मुरुगन ने विशेष अतिथि के तौर पर हिस्सा लिया। बैंड बाजे के साथ निकले जुलूस में आरएसएस के हजार से ज्यादा स्वयंसेवक शामिल हुए।

इसी तरह, नीलगिरी जिले के पंथालूर के एरुमाड गांव में, आरएसएस के भारत (दक्षिण) सचिव मोहन ने रैली का उद्घाटन किया। सभी स्थानों पर, आरएसएस के सदस्यों और स्वयंसेवकों ने रैली के बाद एक सार्वजनिक बैठक में भाग लिया। पुलिस के मुताबिक रूट मार्च शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

मंत्री एल मुरुगन ने एनईईटी विरोधी रुख के लिए सत्तारूढ़ द्रमुक की आलोचना की केंद्रीय राज्य मंत्री एल मुरुगन ने एनईईटी विरोधी रुख के लिए सत्तारूढ़ द्रमुक की आलोचना करते हुए कहा कि तमिलनाडु के लोग मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और उनके बेटे उदयनिधि द्वारा चलाए जा रहे एनईईटी विरोधी नाटक पर विश्वास करने के लिए कभी तैयार नहीं हैं। मुरुगन ने कहा कि आगामी संसदीय चुनावों में तमिलनाडु के लोग इन्हें अच्छा सबक सिखाएंगे।

उन्होंने कहा कि मैं लगातार कहता रहा हूं कि सुप्रीम कोर्ट में लंबित एनईईटी मामले में आदेश प्राप्त किए बिना न तो केंद्र और न ही राज्य सरकार कुछ कर सकती है। स्टालिन चुनाव प्रचार में यह कहकर लोगों को धोखा देकर सत्ता में आए। वह नीट को खत्म करने और चुनाव जीतने के लिए पहले हस्ताक्षर पर हस्ताक्षर करेंगे। इसके अलावा, पूर्व राज्य भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि एनईईटी विरोधी रुख एक दिन का नाटक है और तमिलनाडु के लोग इसे समझ गए हैं।

# पीएम मुद्रा योजना के तहत महिलाओं को पहली प्राथमिकता : सीतारमण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रामेश्वरम।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि लाभार्थियों को वित्तीय सहायता देने वाली 'प्रधानमंत्री मुद्रा योजना' के तहत महिला उद्यमियों को पहली प्राथमिकता दी जाती है। सीतारमण ने यहां 'पीएम स्वनिधि से समृद्धि' कार्यक्रम के तहत लाभार्थियों को मंजूरी पत्र वितरित करते हुए कहा कि नगर पालिकाओं के अधिकारियों को शामिल नहीं किए गए फुटपाथ पर बिक्री करने वालों की पहचान करनी चाहिए और उन्हें इस योजना का लाभ उठाने में मदद करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि ऐसे विक्रेताओं की मदद करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने ऋण प्राप्त करने के लिए बैंकों के माध्यम से पीएम स्वनिधि योजना शुरू की। वित्तीय सेवा विभाग के सचिव विवेक जोशी की टिप्पणी की ओर इशारा करते हुए सीतारमण ने कहा कि यदि कोई बैंक किसी लाभार्थी को 10,000 रुपये तक का ऋण देता है और यदि वह इसे समय पर वापस भुगतान करता है, तो ऋण राशि बढ़कर 20,000 रुपये हो जाती है और यदि वह वापस भुगतान करता है तो ऋण राशि 20,000 रुपये तक बढ़ जाती है। समय पर इसे बढ़ाकर 50,000 रुपये कर दिया जाता है।

यह देखते हुए कि वित्त मंत्रालय योजना की प्रगति की समीक्षा कर रहा है, सीतारमण ने कहा कि इसे रामेश्वरम में शुरू करने का कारण यह था कि तमिलनाडु में विरुधुनगर के साथ-साथ रामनाथपुरम जिले को 'आकांक्षी जिलों' के रूप में चिह्नित किया गया है ताकि वे विकासात्मक स्थिति प्राप्त कर सकें।

स्वनिधि से समृद्धि कार्यक्रम पीएम-स्वनिधि योजना का एक अतिरिक्त घटक है। इसमें योजना के पात्र लाभार्थियों और उनके परिवार के सदस्यों को उनके समग्र विकास और सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए केंद्र सरकार की आठ योजनाओं तक पहुंच मुहैया कराई जाती है।



केंद्रीय वित्त मंत्री ने 'पीएम स्वनिधि' योजना के तहत रामेश्वरम और विरुधुनगर में 6,679 लाभार्थियों को बैंक ऋण वितरित किया।

वित्त मंत्री ने जन धन-आधार-मोबाइल (जेएएम) तिकड़ी की शुरुआत को याद करते हुए कहा कि एक लाभार्थी आधार कार्ड हासिल करने के बाद एक बैंक खाता खोल सकता है और उसके खाते में केंद्र से सीधे वित्तीय सहायता भेजी जा सकती है जिससे लाभार्थी 'बिचौलियों' से बच सके।

उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की उस चर्चित टिप्पणी का भी उल्लेख किया जिसमें कहा गया था कि केंद्र से किसी लाभार्थी को 100 रुपये भेजने पर भी उसे केवल 15 रुपये मिलते हैं और बाकी 85 रुपये बिचौलियों और अन्य 'लोगों' की जेब में जाते हैं। सीतारमण ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के संदर्भ में कहा कि इसे खासकर महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए बैंकों के माध्यम से ऋण प्रदान करने के लिए पेश किया गया था।

उन्होंने कहा, योजना का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि जो महिलाएं छोटे व्यवसाय चला रही हैं या व्यवसाय शुरू करने में रुचि रखती हैं, वे बैंक से संपर्क कर सकती हैं और पीएम मुद्रा योजना योजना से ऋण लेकर अपना काम शुरू कर सकती हैं। इस योजना के माध्यम से लाभ पाने वाले 100 लोगों में से 60 महिलाएं होंगी। पीएम मुद्रा योजना के तहत महिलाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। इससे पहले दिन में वित्त मंत्री ने 12 ज्योतिर्लिंग मंदिरों में से एक प्रसिद्ध रामनाथस्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। बाद में उन्होंने विरुधुनगर जिले के सरकारी मेडिकल कॉलेज में इसी तरह के एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। गैर-कॉरपोरेट, गैर-कृषि लघु/ सूक्ष्म उद्यमों को 10 लाख रुपये तक का ऋण प्रदान करने के लिए आठ अप्रैल 2015 को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना शुरू की गई थी।

## अशोक लेलैंड को स्विच मोबिलिटी के लिए बाहरी निवेश की तलाश

**चेन्नई/नई दिल्ली।** हिंदुजा समूह की प्रमुख कंपनी अशोक लेलैंड अपनी इलेक्ट्रिक वाहन शाखा स्विच मोबिलिटी के लिए बाहरी निवेश पाने की इच्छुक है। कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी शेनु अग्रवाल ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इसके लिए 'सही रणनीतिक साझेदार' का इंतजार है।

उन्होंने कहा कि जब तक कोई ऐसा सहयोगी नहीं मिल जाता, तब तक कंपनी अपने दम पर निवेश करने से नहीं कतराएगी। उन्होंने विश्लेषकों से कहा कि स्विच इंडिया के आगे चलकर कम-से-कम परिचालन स्तर पर नकदी तटस्थ या नकदी सकारात्मक रहने की संभावना है। अग्रवाल ने कहा, 'हम बाहरी निवेश पाने के लिए भी बहुत उत्सुक हैं, लेकिन हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमारे साथ सही रणनीतिक साझेदार हो। इसलिए अभी हमारा ध्यान स्विच इन के उत्पादों को विकसित करने पर है।' अग्रवाल ने कहा, 'जब भी हमें किसी बाहरी निवेशक से अच्छा प्रस्ताव मिलेगा, हम निश्चित रूप से उस पर गौर करेंगे।' उन्होंने कहा कि अशोक लेलैंड के निदेशक मंडल ने ऑप्टारे में 1,200 करोड़ रुपये के इक्विटी निवेश को मंजूरी दी है। यह स्विच यूके और स्विच इंडिया की होल्डिंग कंपनी है। उन्होंने कहा कि इस इक्विटी को अगले तीन से छह महीनों में एक या अधिक किस्तों में शामिल किया जाएगा।

## दक्षिण भारत में विनिर्माण इकाई खोलने की योजना बना रही डाबर

**चेन्नई/नई दिल्ली।** दैनिक उपयोग के घरेलू उत्पाद (एफएमसीजी) और आयुर्वेदिक उत्पाद बनाने वाली प्रमुख कंपनी डाबर एक साल के अंदर दक्षिण भारत में नई विनिर्माण इकाई स्थापित करने की योजना बना रही है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मोहित मल्होत्रा ने कहा कि क्षेत्र में कंपनी का कारोबार बढ़ रहा है।

मल्होत्रा ने कहा कि डाबर की कुल घरेलू बिक्री का 20% दक्षिण भारत से आता है और इस क्षेत्र में कंपनी का कारोबार पिछले पांच-छह साल में दोगुना हुआ है। उन्होंने कहा कि कंपनी मांग को पूरा करने के लिए अपनी क्षमता को और बढ़ा रही है और नए क्षेत्र जोड़कर अपनी विनिर्माण गतिविधियों में विविधता ला रही है। डाबर की देशभर में 13 विनिर्माण इकाइयां हैं।

डाबर इंडिया पश्चिम एशिया और यूरोप जैसे क्षेत्रों के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अपनी विनिर्माण गतिविधियों का विस्तार करने की भी योजना बना रही है। कंपनी का वार्षिक पूंजीगत व्यय लगभग 350-450 करोड़ रुपये है। डाबर के सीईओ ने कहा कि इसके अलावा, कंपनी अपने विनिर्माण परिचालन को मजबूत कर रही है। कुछ इकाइयों को बंद कर दिया है, जहां कर लाभ समाप्त हो रहे हैं, और नई इकाइयां चालू की जा रही हैं, जहां जीएसटी लागू हो रहा है।

# विधेयक मंजूर करने में राज्यपालों की देरी पर तमिलनाडु, केरल की याचिकाओं पर आज सुनवाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/नई दिल्ली।** तमिलनाडु और केरल सरकार की दो अलग-अलग याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय सोमवार को सुनवाई करेगा जिनमें विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों को मंजूरी देने में राज्यपालों द्वारा देरी किए जाने का आरोप लगाया गया है।

याचिकाओं पर प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ द्वारा सुनवाई की जाएगी। राज्यपाल आर एन रवि द्वारा विधेयकों को लौटाए जाने के कुछ दिन बाद तमिलनाडु विधानसभा ने शनिवार को एक विशेष बैठक में 10 विधेयकों को फिर से पारित किया।

रवि द्वारा लौटाए जाने के बाद कानून, कृषि और उच्च शिक्षा सहित विभिन्न विभागों वाले विधेयक फिर से पारित किए गए। पुन: पारित विधेयकों को मंजूरी के लिए फिर से राज्यपाल को भेज दिया गया। शीर्ष अदालत ने गत 10 नवंबर को विधेयकों को मंजूरी देने में तमिलनाडु के राज्यपाल द्वारा कथित देरी किए जाने को गंभीर चिंता का विषय बताते हुए राजभवन पर 12 विधेयकों को रोककर रखने का आरोप लगाने वाली राज्य सरकार की याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा था।

शीर्ष अदालत ने केंद्र को नोटिस जारी करते हुए मामले में अटॉर्नी जनरल या सॉलिसिटर जनरल से सहायता मांगी थी। न्यायालय ने कहा था, रिट याचिका में जो मुद्दे उठाए गए हैं, वे गंभीर चिंता का विषय हैं। इस अदालत के समक्ष प्रस्तुत किए गए तालिकाबद्ध बयानों से, ऐसा प्रतीत होता है कि अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल को भेजे गए लगभग 12 विधेयकों पर आगे की कार्रवाई नहीं की गई है। इसने कहा था, ''अन्य मामले, जैसे अभियोजन के लिए मंजूरी देने के प्रस्ताव, कैदियों की समय से पहले रिहाई के प्रस्ताव और लोक सेवा आयोग के सदस्यों की नियुक्ति के प्रस्ताव लंबित हैं।''

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली पीठ ने कहा था, स्थिति को ध्यान में रखते हुए, हम दूसरे प्रतिवादी, अर्थात्, भारत संघ को नोटिस जारी करते हैं जिसका प्रतिनिधित्व गृह मंत्रालय में सरकार के सचिव द्वारा किया जाता है। हम अनुरोध करते हैं कि भारत के अटॉर्नी जनरल या उनकी अनुपस्थिति में, भारत के सॉलिसिटर जनरल अदालत की सहायता करेंगे।

इसने कहा था कि संविधान के अनुच्छेद 200 में यह प्रावधान किया गया है कि जब कोई विधेयक किसी राज्य की विधानसभा द्वारा या जहां राज्य में द्विसदन विधायिका है, दोनों सदनों द्वारा पारित किया जाता है, तो इसे राज्यपाल को प्रस्तुत किया जाएगा, जो (1) विधेयक पर



सहमति की घोषणा करेंगे या (2) उस पर सहमति रोक दें या (3) विधेयक को राष्ट्रपति के विचार के लिए आरक्षित कर दें।

तमिलनाडु सरकार ने शीर्ष अदालत से हस्तक्षेप करने का आग्रह करते हुए आरोप लगाया, एक संवैधानिक प्राधिकार लगातार असंवैधानिक तरीके से काम कर रहा है और बाहरी कारणों के चलते राज्य सरकार के कामकाज में बाधा डाल रहा है। राज्य सरकार ने कहा, तमिलनाडु के राज्यपाल/प्रथम प्रतिवादी द्वारा तमिलनाडु राज्य विधानमंडल द्वारा पारित एवं अग्रेषित विधेयकों पर विचार करने और मंजूरी देने के संवैधानिक कर्तव्य का पालन करने में निष्क्रियता, चूक, देरी और विफलता तथा राज्य सरकार द्वारा उनके हस्ताक्षर के लिए भेजी गई फाइल, सरकारी आदेशों व नीतियों पर विचार न करना असंवैधानिक, अवैध, मनमाना और अनुचित होने के साथ ही सत्ता का दुर्भावनापूर्ण इस्तेमाल भी है।

इसने कहा कि राज्यपाल, छूट आदेशों, दिन-प्रतिदिन की फाइल, नियुक्ति आदेशों पर हस्ताक्षर नहीं करके, भर्ती आदेशों को मंजूरी न देकर, भ्रष्टाचार में शामिल मंत्रियों, विधायकों पर मुकदमा चलाने की स्वीकृति न देकर, जिसमें शीर्ष अदालत द्वारा जांच को सीबीआई को स्थानांतरित करना शामिल है और तमिलनाडु विधानसभा द्वारा पारित विधेयक को मंजूरी न देकर पूरे प्रशासन को ठप कर रहे हैं। वह राज्य प्रशासन के साथ सहयोग न करके प्रतिकूल रवैया अपना रहे हैं।

इसी तरह, केरल सरकार ने राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान पर राज्य विधानसभा में पारित विधेयकों को मंजूरी देने में देरी करने का आरोप लगाते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख किया है और दावा किया कि इससे जनता के अधिकारों का हनन हुआ है। केरल सरकार ने राज्य विधानसभा द्वारा पारित आठ विधेयकों के संबंध में राज्य के राज्यपाल की ओर से कार्रवाई नहीं किए जाने का दावा किया है और कहा कि इनमें से कई विधेयक व्यापक जनहित से संबंधित हैं तथा इसमें कल्याणकारी उपायों को शामिल किया गया है जिनकी मंजूरी में देरी से राज्य की जनता इनसे मिलने वाले लाभों से वंचित है।

इसने कहा कि केरल राज्य लोगों के प्रति अपने कर्तव्य के निर्वहन को पूरा करने के उद्देश्य से राज्य विधानसभा द्वारा पारित आठ विधेयकों के संबंध में राज्यपाल की निष्क्रियता के संबंध में माननीय न्यायालय द्वारा उचित आदेश दिया जाना चाहिए। केरल सरकार की ओर से याचिका में कहा गया, इनमें तीन विधेयक दो साल से अधिक समय से राज्यपाल के पास लंबित हैं और तीन अन्य तकरीबन एक साल से अधिक समय से लंबित हैं। इन विधेयकों के माध्यम से जनता के लिए लागू की जाने वाली कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में वर्तमान में राज्यपाल का जिस तरह का आचरण प्रदर्शित हो रहा है उससे राज्य के लोगों के अधिकारों के हनन के अलावा, कानून के शासन और लोकतांत्रिक सुशासन सहित हमारे संविधान के मूल सिद्धांतों और मूलभूत ढांचों के नष्ट होने का खतरा है।

याचिका में कहा गया है कि विधेयकों को लंबे और अनिश्चितकाल तक लंबित रखने का राज्यपाल का व्यवहार स्पष्ट रूप से मनमाना और संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है।

## तमिलनाडु किसान संघ ने विरोध की घोषणा की, मंत्री ईवी वेलु को बर्खास्त करने की मांग

**चेन्नई।** तमिलनाडु अनाइथु विवासया संगंगालिन पोरट्टा कुझु (ऑल फार्मर यूनियन के प्रदर्शनकारी समूह) ने मंगलवार, 21 नवंबर को राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है। उन्होंने ये प्रदर्शन तिरुवन्नामलाई से किसानों की गिरफ़्तारी और उन पर गुंडा एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। यूनियन ने घोषणा की है कि विरोध के बाद 29 नवंबर को चेन्नई में सामूहिक भूख हड़ताल की जाएगी।

इस महीने की शुरुआत में, तमिलनाडु राज्य उद्योग संवर्धन निगम (एसआईपीसीओटी) के लिए भूमि अधिग्रहण का विरोध कर रहे तिरुवन्नामलाई जिले के मेल्मा और पड़ोसी गांवों के 20 किसानों को गिरफ्तार किया गया था और बाद में उनमें से सात पर गुंडा अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। सात में से छह किसानों पर गुंडा एक्ट का मुकदमा बर्खास्त कर दिए गए।

शनिवार को त्रिची में आयोजित अनाइथु विवासया संगंगालिन पोरट्टा कुझु बैठक में, प्रतिभागियों ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने विरोध कर रहे तिरुवन्नामलाई किसानों पर पुलिस के साथ विवाद में शामिल होने का झूठा आरोप लगाकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। अपने विरोध प्रदर्शन के माध्यम से, संघ का इरादा राज्य सरकार से एसआईपीसीओटी परियोजना के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे किसानों और किसान संघ नेताओं के खिलाफ दर्ज सभी मामलों को वापस लेने और एक किसान, ए अरुल के खिलाफ गुंडा अधिनियम के आरोपों को खारिज करने का आग्रह करना है।

# अभिनेता मंसूर अली खान के बयान पर भड़कीं अभिनेत्री तृषा कृष्णनन, एसआईएए भी साथ आया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिल अभिनेत्री तृषा कृष्णन ने उनके साथ पर्दे पर दिखने का मौका नहीं मिलने को लेकर की गई अपमानजनक टिप्पणी के लिए लियो के सह-अभिनेता मंसूर अली खान की निंदा की है। वहीं, साउथ इंडियन आर्टिस्ट्स एसोसिएशन (एसआईएए) ने भी कृष्णन के बारे में लैंगिक टिप्पणी को लेकर रविवार को खान की आलोचना करते हुए उनसे सार्वजनिक तौर पर माफी की मांग की। लोकेश कनगराज निर्देशित लियो में एक संक्षिप्त भूमिका अदा करने वाले खान ने हाल ही में एक साक्षात्कार में कश्मीर में फिल्म के शूटिंग कार्यक्रम के दौरान त्रिशा के साथ कोई दृश्य नहीं होने के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की थी।

तृषा ने कहा कि खान द्वारा की गई टिप्पणियां लिंगभेदी, अपमानजनक, स्त्रीद्वेषी और घृणित हैं और वह कभी भी अभिनेता के साथ काम नहीं करेंगी।

तृषा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक बयान साझा किया, जिसमें कहा गया है, एक हालिया वीडियो मेरे संज्ञान में आया है जिसमें मंसूर अली खान ने मेरे बारे में भद्दी और घृणित टिप्पणी की है। 'मैं इसकी कड़ी निंदा करती हूं और इसे लैंगिक भेदभावपूर्ण, अपमानजनक, महिला विरोधी, घृणित मानती हूं।'

तृषा ने कहा, 'मैं आभारी हूं कि मैंने कभी उनके जैसे दयनीय व्यक्ति के साथ काम नहीं किया और मैं यह सुनिश्चित करूंगी कि मेरे बाकी फिल्मी करियर में भी कभी ऐसा न हो। उनके जैसे लोग मानवता का नाम खराब करते हैं।'

इस बीच साउथ इंडियन आर्टिस्ट्स एसोसिएशन (एसआईएए) ने अभिनेत्री तृषा कृष्णन के बारे में लैंगिक टिप्पणी के लिए अभिनेता मंसूर अली खान की रविवार को कड़ी निंदा की और उनसे सार्वजनिक तौर पर माफी मांगने को कहा है। एसआईएए को नादिगर संगम के नाम से जाना जाता है। मीडिया से बातचीत में



तृषा तथा दो अन्य अभिनेत्रियों खुशबू और रोजा के बारे में इसी तरह की टिप्पणी के लिए खान की आलोचना करते हुए लोकप्रिय अभिनेताओं के संगठन ने कहा कि वह माफी मांगने तक खान की सदस्यता को अस्थायी रूप से निलंबित करने पर विचार कर रहा है। खान ने हाल ही में तृषा के बारे में टिप्पणी करते हुए दोनों अभिनेत्रियों का जिक्र किया था।

एसआईएए अध्यक्ष और प्रसिद्ध अभिनेता एम. नासिर ने कहा कि खान ने पत्रकारों से बात करते हुए यह टिप्पणी की थी और उन्हें मीडिया के सामने अभिनेत्रियों से माफी मांगनी चाहिए। नासिर ने यहां एक बयान में अभिनेत्रियों को एसआईएए की ओर से पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता और प्रसिद्ध अभिनेत्री खुशबू सुंदर ने तृषा का समर्थन करते हुए 'एक्स' पर लिखा, एनसीडब्ल्यू की सदस्य के रूप में, मैंने पहले ही अपने वरिष्ठ के साथ मंसूर अली खान का मुद्दा उठाया है और इस पर कार्रवाई की जाएगी। ऐसी गंदी मानसिकता वाले लोगों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। मैं तृषा और अपनी उन अन्य साथियों के साथ खड़ी हूं, जिनके बारे में इस व्यक्ति ने ऐसी कामुकतापूर्ण घृणित टिप्पणी की है।

महिलाओं के खिलाफ अपनी टिप्पणियों के लिए सोशल मीडिया पर कड़ी आलोचना और विरोध का सामना करने वाले खान ने एक बयान में कहा कि उन्होंने हमेशा अभिनेत्रियों का सम्मान किया है। उन्होंने 'निहित स्वार्थों' वाले लोगों पर उनके बयान को तोड़-मरोड़कर पेश करने का आरोप लगाया है।



## सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में कर्नाटक, हरियाणा, तमिलनाडु, दिल्ली जीते

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** कर्नाटक, हरियाणा, तमिलनाडु, दिल्ली और ओड़िशा ने रविवार को यहां सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चैम्पियनशिप के तीसरे दिन अपने मुकाबलों में जीत हासिल की। दिन के पहले मैच में कर्नाटक ने दादर एवं नागर हवेली और दमन एवं दीव को 5-0 से पराजित किया। हरियाणा ने दूसरे मैच में गुजरात को 22-1 से रौंद दिया।

अगले मैच में तमिलनाडु ने हॉकी हिमाचल को 13-1 से और दिल्ली ने तेलंगाना को 6-1 से मात दी। दिन के अंतिम मैच में हॉकी ओडिशा ने हॉकी अरुणाचल को 27-0 से पराजित किया।

## भारतीय साइबरस्पेस में वैश्विक औसत की तुलना में अधिक साइबर घटनाएं दर्ज की जा रही हैं : नायर

**बेंगलूरु/दक्षिण भारत।** राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक एम यू नायर ने रविवार को कहा कि भारतीय साइबरस्पेस में वैश्विक औसत की तुलना में साइबर घटनाओं की संख्या लगभग दोगुनी देखी गई हैं। नायर ने 'सिनर्जिया कॉन्क्लेव 2023' में 'एलाइनिंग टेक्नोलॉजीज टू फ्यूचर कॉन्फ्लिक्ट्स' विषय पर एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 10 महीनों में औसतन लगभग 1.54 अरब अमेरिकी डॉलर के लिए रैंसमवेयर हमला किया गया, जो 2022 के बाद से दोगुना हो गया है। उन्होंने कहा, ये राशि एक छोटा सा हिस्सा मात्र है क्योंकि इनमें से कई घटनाएं दर्ज होती है। नायर ने कहा कि भारतीय साइबरस्पेस में पिछले छह महीनों के दौरान औसतन 2127 बार साइबर घटनाएं सामने आयी हैं, जो वैश्विक औसत 1108 से कहीं अधिक है।

नायर ने कहा कि साइबरस्पेस पर विघटनकारी प्रथाओं को रोकने और सीमित करने के लिए देशों के लिए एकजुट होने का समय आ गया है। उन्होंने कहा, संयुक्त राष्ट्र और क्षेत्रीय मंचों के तहत इस दिशा में बड़ी संख्या में पहल की गई हैं, जहां राष्ट्र साइबरस्पेस के समाधान की तलाश कर रहे हैं जो राष्ट्रीय सीमाओं तक सीमित नहीं है।

नायर ने कहा कि कई अंतरराष्ट्रीय पहल साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में उभरती चुनौतियों का समाधान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि एक उल्लेखनीय प्रयास संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा नियुक्त साइबरस्पेस में देश के जिम्मेदार व्यवहार को आगे बढ़ाने पर संयुक्त राष्ट्र सरकारी विशेषज्ञों का समूह (यूएन जीजीई) है।

सवारी डिब्बा कारखाना, चेन्नई-38

निविदा सूचना सं. 2023472211252

निम्नलिखित ई-निविदा आईआरईपीएस वेबसाइट पर प्रकाशित की गई है। विवरण के लिए कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट https://www.ireps.gov.in देखें। निविदा के लिए मैन्युअल प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा।

| क्र. सं. | निविदा सं. | कार्य का नाम | निविदा बंद करने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | 2023472211252 | डी एंड डी सेंटर/आईसीएफ पर उपलब्ध डिजिटल डॉक्यूमेंट सिस्टम के लिए रखरखाव अनुबंध | 13.12.2023 15.00 बजे |

वसुधैव कुटुम्बकम
एक पृथ्वी - एक परिवार - एक भविष्य




# कांग्रेस सरकार के पांच साल एक दूसरे को 'रन आउट' करने में बीते : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर कटाक्ष करते हुए रविवार को कहा कि इसके पांच साल एक दूसरे को 'रन आउट' करने में बीते हैं। इसके साथ ही मोदी ने कांग्रेस और विकास को एक दूसरे का दुश्मन बताते हुए दावा किया कि राज्य की संस्कृति की रक्षा के लिए यहां की कांग्रेस सरकार को हटाना बहुत जरूरी है। मोदी ने रविवार को तारानगर और झुंझुनू में चुनावी सभा को संबोधित किया। राज्य में 25 नवंबर को विधानसभा चुनाव होना है। देश में क्रिकेट विश्वकप को लेकर जुनून का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा, आज-कल पूरा देश क्रिकेट के जोश से भरा हुआ है। क्रिकेट में बैट्समैन आता है और अपनी टीम के लिये रन बनाता है, लेकिन कांग्रेस में ऐसा झगड़ा है कि रन बनाना तो दूर ये लोग एक दूसरे को 'रन आउट' करने में लगे हैं। उन्होंने आरोप लगाया, कांग्रेस सरकार के पांच साल एक दूसरे को 'रन आउट' करने में बीत गए। जो बचे हैं वो महिलाओं और अन्य मुद्दों पर गलत बयान देकर 'हिट विकेट' किये जा रहे हैं और बाकी जो है वो पैसे लेकर, रिश्वत लेकर 'मैच फिक्सिंग' कर लेते हैं और कुछ काम नहीं करते।

मोदी ने तंज कसते हुए कहा, जब इनकी टीम ही इतनी खराब है... ये क्या रन बनायेंगे और आपका क्या काम करेंगे। आप भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) को चुनेंगे, तो हम राजस्थान में भ्रष्टाचारियों की टीम को 'आउट' कर देंगे। भाजपा विकास का स्कोर तेजी से बनाएगी और जीत राजस्थान की होगी। जीत राजस्थान के भविष्य की होगी, जीत राजस्थान की माताओं-बहनों, युवाओं और किसानों की होगी। मोदी ने कहा, कांग्रेस सरकार से जितना बचकर रहें, राजस्थान को जितना बचाकर रखें उतना ही आपका भविष्य सुनिश्चित है क्योंकि कांग्रेस और विकास, एक दूसरे के दुश्मन थे और दुश्मन रहेंगे।

उन्होंने पेट्रोल के दाम को लेकर भी राज्य सरकार पर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस के कुशासन के कारण यहां महंगाई व बेरोजगारी भी बेलगाम हो गई है। मोदी ने आरोप लगाया, कांग्रेस के पेपर लीक माफिया ने युवाओं का भविष्य लाखों रुपये में बेच दिया। कांग्रेस ने खाद घोटाला भी किया और कांग्रेस किसानों को लूट भी रही है। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने पिछले पांच साल तक यहां के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया। कोचिंग सेंटर पर छापे पड़े... मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के करीबी मंत्री के रिश्तेदार अधिकारी बन गए और आपके बच्चों को मौका नहीं मिला।' मोदी ने कहा, 'आप आश्वस्त रहें राजस्थान में भाजपा सरकार बनते ही कांग्रेस के हर जादू और पेपर लीक कांड की तेजी से जांच होकर रहेगी। काले धन की कोई भी तिजोरी हो, कितने ही बड़े रसूखदार की हो, वो भी अब बच नहीं पायेगा..।

उन्होंने राजस्थान में जल जीवन मिशन में कथित घोटाले की ओर इशारा करते हुए पूछा, नेक नीयत और कांग्रेस का वही रिश्ता है जो उजाले और अंधेरे का होता है। जो सरकार पीने के पानी का पैसा तक खा जाए उसकी नियत कैसी होगी?' झुंझुनू में प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कहा,' कांग्रेस ने सिर्फ और सिर्फ एक ही परंपरा विकसित की है... भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण। इस नीति पर चलते हुए कांग्रेस ने देश का बहुत नुकसान किया है। कांग्रेस की यही मानसिकता है जिसके कारण बीते दशकों में भारत में युवाओं को अवसर नहीं मिल पाया। उन्होंने कहा, भारत हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है और नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। कोई भी क्षेत्र ले लीजिए, भारत अद्भुत प्रदर्शन कर रहा है। हर तरफ उत्साह है और विश्वास है कि हम 2047 तक भारत को एक विकसित देश बना देंगे।

'लाल डायरी' का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कांग्रेस के लूट के लाइसेंस की पूरी कहानी 'लाल डायरी' में दर्ज है और अब धीरे धीरे 'लाल डायरी' के पन्ने खुलने लगे हैं। इधर पन्ना खुलता है, गहलोत का 'फ्यूज' उड़ जाता है। जादूगर की जादूगरी 'लाल डायरी' में दिखने लगी है। राज्य के शेखावाटी क्षेत्र से रक्षा बलों में जाने वाले सैनिकों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, यह एक वीर भूमि है, जहां के बेटों की बहादुरी पूरे देश को सुरक्षित रखने में बड़ी भूमिका निभाती है।' उन्होंने आरोप लगाया, 'ऐसी धरती के बच्चों को धोखा देने में कोई कसर नहीं छोड़ी गई।

## सबका चुकता किया जाएगा हिसाब

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण की राजनीति करने एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए विश्वास दिलाया है कि विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनने पर सबका हिसाब चुकता किया जायेगा जिन्होंने राजस्थान को लूटा हैं। मोदी रविवार को राजस्थान के चुरु में भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र सिंह राठौड़ के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस के शासन में राजस्थान को गुंडागर्दी, दंगे, महिलाओं एवं दलितों के अत्याचार में देश में अग्रणी बना दिया गया हैं।

मोदी ने राजस्थान की भूमि को वीरों एवं तपोभूमि बताते हुए कहा कि इसे कांग्रेस ने नजर लगा दी हैं और कांग्रेस ने छलने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि यहां वीरों को वन रैंक वन पेंशन को दशकों तक अटकाया, लटकाया और इसके लिए खूब तरसाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देवी देवताओं की यात्राओं पर रोक लगा देती और आतंकवादी संगठन पीएफआई की रैली को बढवा देती है। मोदी ने इस चुनाव में कांग्रेस का सफाया करने का आह्वान करते हुए कहा कि राजस्थान की संस्कृति की रक्षा के लिए कांग्रेस सरकार को हटाना बहुत जरुरी हो गया है।

# सड़क हादसे में छह पुलिसकर्मियों की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के चुरू जिले के सुजानगढ़ थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में छह पुलिसकर्मियों की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व राज्य के पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने सड़क दुर्घटना में पुलिसकर्मियों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया पुलिस महानिदेशक ने एक बयान में बताया कि झुंझुनूं में ड्यूटी पर जा रहे सात पुलिसकर्मियों की गाड़ी हाइवे पर ट्रोले से टकराई। इसमें छह पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। हादसे में नागौर जिले के खींवसर थाना के पुलिसकर्मी रामचंद्र, कुंभाराम, थानाराम, लक्ष्मण सिंह और सुरेश की मौके पर ही मौत हो गई और कांस्टेबल सुखराम और हेड कांस्टेबल सुखराम घायल हो गये। घायलों को 'ग्रीन कॉरिडोर' से जोधपुर एसडीएम अस्पताल के लिए ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही कांस्टेबल की मौत हो गई, लेकिन हेड कांस्टेबल सुखराम का उपचार जारी है। उन्होंने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक को घायलों का समुचित उपचार की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये हैं। चुरू के जिला पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक के अनुसार, पुलिसकर्मियों की गाड़ी सुजानगढ़ सदर थाना क्षेत्र में सड़क पर खड़े ट्रक से टकरा गई। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने हादसे पर शोक व्यक्त किया है। गहलोत ने 'एक्स' पर लिखा,आज सुबह-सुबह चूरू के सुजानगढ़ सदर क्षेत्र से वाहन दुर्घटना में पुलिसकर्मियों के हताहत होने का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ। इस हादसे में दिवंगत सभी पुलिसकर्मियों के परिजनों के साथ हमारी गहन संवेदना है। घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।




# देश व समाज बनाने के लिए लड़े जाते हैं चुनाव : राजनाथ सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि चुनाव केवल सरकार बनाने के लिए नहीं बल्कि समाज और देश बनाने के लिए लड़े जाते हैं। शाहपुरा में एक चुनावी सभा के दौरान उन्होंने कहा, भारत अब कमजोर देश नहीं रहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह शक्तिशाली भारत बन गया है और भारत जो कहता है उसे दुनिया ध्यान से सुनती है।

सिंह ने कहा, इस सच्चाई को कोई नकार नहीं सकता कि मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। भारत को अब सारी दुनिया में सम्मान की नजरों से देख जाता है।

उन्होंने कहा, पहले अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत कुछ बोलता था तो इसकी बातों को लोग अनसुना कर देते थे लेकिन आज अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत कुछ बोलता है तो सारी दुनिया कान खोल कर सुनती है कि भारत क्या बोल रहा है। उन्होंने कानून-व्यवस्था, प्रश्नपत्र लीक और महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे मुद्दों पर राज्य की कांग्रेस सरकार पर हमला बोला। सिंह ने कहा, राजस्थान में कांग्रेस की सरकार ने पिछले पांच साल में राजस्थान की गरिमा, उसके स्वाभिमान पर चोट पहुंचाने का काम किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, चुनाव केवल सरकार बनाने के लिए नहीं लड़े जाते, चुनाव समाज व देश बनाने के लिए लड़े जाते हैं।

भाजपा नेता ने कहा, पहले की अपेक्षा भारत की आर्थिक ताकत भी बढ़ी है। अर्थव्यवस्था के आकार के मामले में भारत 2014 से पहले दुनिया में 11वें स्थान पर था, जो सात साल में उछाल भरकर आज दुनिया में पांचवें स्थान पर आ गया है। आर्थिक मामलों के जानकार कहते हैं कि 2027 आते-आते भारत दुनिया के शीर्ष तीन देशों में होगा। उन्होंने कहा, अगर ऐसे ही इस देश में सरकार काम करती रही तो इस सच्चाई को भी नकारा नहीं जा सकता कि दुनिया में अर्थव्यवस्था के आकार व ताकत के मामले सबसे बड़ा कोई देश होगा तो वह भारत होगा। सिंह ने दावा किया कि जिस समय रूस-यूक्रेन का युद्ध चल रहा था प्रधानमंत्री मोदी ने रूस, यूक्रेन और अमेरिका के राष्ट्रपति को फोन कर चार-पांच घंटे के लिए युद्ध रुकवाया और वहां फंसे भारतीय छात्रों को निकाला गया। उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का कद बढ़ गया है, इसके कारण ऐसा हुआ। सिंह ने कहा, मैंने सुना है, मुझे नहीं पता कि यह सही है या गलत, राज्य में दो लाख महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार की प्राथमिकी दर्ज की गई है और (मुख्यमंत्री) गहलोत साहब कह रहे हैं कि महिलाएं झूठी प्राथमिकी दर्ज करा रही हैं।



# कांग्रेस के शासन में अस्पतालों में न डाक्टर हैं, न स्कूलों में अध्यापक : वसुंधरा राजे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बीकानेर। खाजूवाला में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने भाजपा प्रत्याशी डॉ विश्वनाथ मेघवाल के समर्थन में सभा की। उन्होंने कहा कि मैं पीले चावल देने आई हूँ। ये निमंत्रण लोकतंत्र के लिए है, आनेवाली 25 तारीख को सुबह 11बजे से पहले वोट डाल देना। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में महिलाएं सुरक्षित नहीं है। कांग्रेस सरकार ने लगातार झूठे वादे किए। हमारी सरकार ने किसानों के कर्जे माफ किए। हमारी सरकार ने बिजली की समस्या के समाधान के लिए क्षेत्र में जीएसएस लगाए।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में महिलाएं सुरक्षित नहीं, कांग्रेस के इस शासन में अस्पतालों में न डाक्टर है, न स्कूलों में अध्यापक। उन्होंने कहा कि आप विश्वनाथ को जिताकर भेजे, इस इलाके को चमन बना देंगे। इससे पहले मंच पर नेताओं का जमघट लग गया। कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री को 51किलो की माला पहना कर, तलवार भेंट कर और चूनरियां ओढ़ाकर स्वागत किया। इससे पहले हेलीपेड पर वसुंधरा राजे का स्वागत किया। हेलीपेड पर भाजपा प्रत्याशी डॉ. विश्वनाथ मेघवाल, बीकानेर नगर विकास न्यास के पूर्व चैयरमैन महावीर रांका समेत अनेक कार्यकर्ताओं ने वसुन्धरा राजे का स्वागत किया। वसुंधरा राजे ने बीकानेर नगर विकास न्यास के पूर्व चैयरमैन महावीर रांका से लगभग तीन मिनट तक गुफ्तगू की।

# देश को बदलने का समय आ गया है : राहुल गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि देश को बदलने का समय आ गया है। वे बूंदी में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। राहुल ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'भारत माता की जय' के बजाय 'अडाणी जी की जय' कहना चाहिए। उन्होंने कहा,प्रधानमंत्री मोदी 'भारत माता की जय' कहते हैं, उनको 'अडाणी जी की जय' कहना चाहिए ... काम तो उनका करते हैं।

जाति आधारित जनगणना की वकालत करते हुए राहुल ने कहा कि नरेन्द्र मोदी जाति आधारित जनगणना नहीं करवा सकते चाहे कुछ भी हो जाए, क्योंकि मोदी तो अडाणी के लिए काम करते हैं। उन्होंने कहा,यह काम राहुल गांधी, कांग्रेस पार्टी कर सकती है। जिस दिन जाति आधारित जनगणना हो गई और पिछड़ों, आदिवासियों और दलितों को बात समझ में आ गयी, उस दिन ये देश बदल जायेगा। अब देश को बदलने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि गरीब, किसान, मजदूर ही 'भारत माता' हैं और भारत माता की 'जय' तब होगी जब देश में इन वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित होगी।



# जयपुर में कांग्रेस का 'वार रूम' देखने पहुंचे राहुल गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी विधानसभा चुनाव की तैयारियों का जायज़ा के लिए रविवार को यहां प्रदेश कांग्रेस के 'वार रूम' पहुंचे। इस मौके पर राजस्थान कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा भी मौजूद रहे। सह प्रभारी अमृता धवन ने बताया कि गांधी ने 'वार रूम' में मौजूद टीम का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा, राहुल गांधी ने 'वार रूम' का दौरा किया और टीम का उत्साहवर्धन किया।

वे करीब आधे घंटे तक 'वार रूम' में रुके। पार्टी ने राज्य में चुनावी गतिविधियों के संचालन के लिए यहां अस्पताल रोड पर 'वार रूम' बनाया है। राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 25 नवंबर को होना है।



# भाजपा के पास ईडी है, हमारे पास 'गारंटी' है: गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर चुनावों में राजनीतिक लाभ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और आयकर विभाग का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि उनके पास ये एजेंसियां हैं तो कांग्रेस के पास लोगों के लिए 'गारंटी' है। गहलोत ने सत्तारूढ़ कांग्रेस द्वारा राज्य की जनता को दी जा रही सात गारंटियों की ओर इशारा करते हुए कहा,उनके पास ईडी है और हमारे पास हमारी गारंटी हैं। कांग्रेस ने राज्य में सात गारंटी की घोषणा करते हुए कहा है कि दोबारा सत्ता में आने पर वह इन्हें लागू करेगी। इन सात गारंटी में परिवार की महिला मुखिया को 10,000 रुपये की वार्षिक सम्मान राशि देना, 1.05 करोड़ परिवारों को 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर देना, पशुपालकों से दो रुपये प्रति किलो की दर से गोबर की खरीद करना, सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना का कानून बनाना, सरकारी कॉलेजों में प्रवेश लेने वाले छात्रों को टैबलेट या लैपटॉप देना और प्राकृतिक आपदा से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए प्रति परिवार 15 लाख रुपये तक का बीमा कवर प्रदान करना शामिल है।

पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद गहलोत ने यहां कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बात की और कहा कि राज्य में कांग्रेस नेताओं को बदनाम करने के लिए भाजपा द्वारा ईडी और आयकर विभाग जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है।

उन्होंने सवाई माधोपुर सीट से चुनाव लड़ रहे भाजपा के राज्यसभा सदस्य किरोड़ी लाल मीणा पर ईडी और आयरकर विभाग में फर्जी शिकायतें करने का आरोप लगाया। गहलोत ने आरोप लगाया, पिछले साल भर से राजस्थान में ईडी और मीणा की मिलीभगत से काम हो रहा है। झूठी शिकायत की जा रही हैं। वे गाइड करते हैं ईडी को। तो उनके पास ईडी है हमारे पास गारंटी हैं।' उन्होंने कहा कि जनता सब समझ रही है और इस बार सबक सिखाएगी।



# गहलोत सरकार में किसानों कर्जा माफ नहीं हुआ : जोशी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बीकानेर। जैसे जैसे विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं वैसे वैसे कांग्रेस, भाजपा के स्टार प्रचारक जनसभाएं एवं रोड शो कर मतदाताओं को रिझाने के प्रयास कर रही है। आज नोखा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार बिहारीलाल विश्नोई के पक्ष में मत देने के लिए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डा सी पी जोशी ने पांचू गांव पहुंच कर जनसभा की एवम आने वाले चुनावों में भाजपा को वोट देकर डबल इंजन की सरकार बनाने का आग्रह किया। जोशी ने कहा कि कांग्रेस की गहलोत सरकार ने किसानों के कर्ज माफी की बात की थी आज तक किसी का कर्जा माफ नहीं हुआ अनेक किसानों ने आत्महत्या की है।अगर आप नहीं कर सकते हो तो किसी की भावनाओं के साथ खिलवाड़,गुमराह व वादाखिलाफी नही कर सकते।



## राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने छठ पर्व पर लोगों को शुभकामनाएं दीं

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को लोगों को छठ पर्व पर शुभकामनाएं दीं। चार दिन तक चलने वाली छठ पूजा की शुरुआत 17 नवंबर को हुई। इस पर्व पर श्रद्धालु उपवास रखते हैं और भगवान भास्कर की आराधना के लिए नदियों और तालाबों के किनारे एकत्र होते हैं।

छठ पर्व आमतौर पर बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश में मनाया जाता है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि छठ पर्व सूर्य देवता की पूजा के साथ ही जल स्रोतों की आराधना करने का भी अवसर प्रदान करता है। उन्होंने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा, '' प्रकृति से जुड़ा यह पर्व हमें पर्यावरण के संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करता है। आइए, इस शुभ अवसर पर हम विकास और पर्यावरण में संतुलन बनाकर आगे बढ़ने का संकल्प लें।'' उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि यह त्योहार भारतीय संस्कृति के शाश्वत मूल्यों और प्रकृति के साथ उसके अटूट संबंध का प्रतीक है। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''भगवान भास्कर की पूजा हर किसी के जीवन में नई ऊर्जा और नए उत्साह का संचार करेगी। जय छठी मैय्या।''

## झारखंड में हाथियों ने 26 वर्षीय व्यक्ति को कुचला

**जमशेदपुर/भाषा।** झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में हाथियों के एक झुंड ने 26 वर्षीय एक व्यक्ति को कुचल दिया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना घाटशिला मंडल के चाकुलिया वन क्षेत्र में सुनसुनिया गांव के पास शनिवार शाम को हुई जब संतोष मुंडा शौच के लिए घर से बाहर गया था। पुलिस ने बताया कि मुंडा ने झुंड को देखकर भागने की कोशिश की लेकिन उस पर हाथियों ने हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि पीड़ित को करीब के अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मुंडा के पिता की कुछ महीनों पहले ही मृत्यु हुई थी और वह परिवार में अकेला कमाने वाला था। हाथियों ने आसपास के इलाके में मौजूद फसल को भी नुकसान पहुंचाया।

## असम चावल अनुसंधान संस्थान विकसित कर रहा उच्च उपज देने वाला सुगंधित 'जोहा'

**टीटाबार (असम)/भाषा।** अपना शताब्दी वर्ष मना रहा एक चावल अनुसंधान संस्थान असम के प्रसिद्ध सुगंधित जोहा का एक उच्च उपज देने वाला प्रीमियम गुणवत्ता वाला संस्करण विकसित करने की दिशा में काम कर रहा है। संस्थान द्वारा विकसित चावल की किस्मों में मधुमेह रोगियों के अनुकूल बैंगनी चावल की किस्म भी शामिल है। जोरहाट से 20 किमी दूर असम चावल अनुसंधान संस्थान (एआरआरआई) की शुरुआत 1923 में राज्य की ब्रह्मपुत्र घाटी के किसानों की समस्याओं को पूरा करने के लिए एक चावल प्रायोगिक स्टेशन के रूप में हुई थी। संस्थान ने अपनी स्थापना के बाद से राज्य में चावल के उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## अखिलेश यादव ने पिछड़ी जातियों को उनका हक और सम्मान दिलाने के लिए जाति गणना की पैरवी की

**जींद (हरियाणा)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने जातिगत गणना की जरूरत बताते हुए रविवार को यहां कहा कि देश में कई ऐसी जातियां हैं जिनकी गिनती मुख्य धारा तक में नहीं होती है तथा कई ऐसी जातियां हैं जिनकी आजतक पहचान नहीं हो सकी है।

महम से विधायक बलराज कुंडू द्वारा एकलव्य स्टेडियम में आयोजित जनसेवा संकल्प रैली को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि विपक्षी दलों के गठबंधन ' इंडिया' की अगले साल लोकसभा चुनाव में जीत हो इससे अच्छी बात और क्या हो सकती है। सपा विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' का हिस्सा है। कुंडू ने कुछ महीने पहले हरियाणा जनसेवक पार्टी के नाम से अलग दल बनाया है। यह घटनाक्रम अगले साल हरियाणा में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सामने आया है। हरियाणा में भाजपा-जेजेपी गठबंधन की सरकार है। यादव ने कहा कि उनकी पार्टी यह सुनिश्चित करने की दिशा में काम करना जारी रखेगी कि पिछड़ी जातियों और वर्गों के लोगों को उनका अधिकार और सम्मान मिले। सपा मुखिया ने कहा, ' ...आज पूरा देश जाति गणना चाहता है क्योंकि आजादी के इतने वर्षों के बाद भी कई पिछड़े लोग हैं जिनकी गिनती नहीं हो पाई और हम उन्हें मुख्यधारा में नहीं ला सके। '

# प्रयागराज में छठ पूजा की धूम, महिलाओं ने अस्ताचलगामी सूर्य को दिया पहला अर्घ्य

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लखनऊ/वार्ता।** उत्तर प्रदेश में विभिन्न जिलों में भगवान भास्कर की पूजा अर्चना के महापर्व पर रविवार को महिलाओं ने अस्ताचली सूर्य को पूरे श्रद्धाभाव से अर्घ्य दिया।

प्रयागराज में छूठ पूजा की धूम नजर आयी आस्था और विश्वास के इस महापर्व पर परवातिनों (व्रती) ने पवित्र गंगा नदी में खड़े होकर अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य दिया। गंगा किनारे बड़ी संख्या में परवातिन शाम को हाथ में बांस के बने सूप और उसमें विभिन्न प्रकार के फल और गन्ना लेकर घुटने भर जल में खड़ी होकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। परवातिन सायंकाल की आराधना संपन्न कर सूर्य भगवान से अपने पुत्र के दीर्घायु के साथ पति और परिजनों की सुख-समृद्धि की कामना किया। सोमवार को प्रात: उदयाचल सूर्य को अर्घ्य देकर परवातिन व्रत का समापन करेंगी। सूर्योपासना का महापर्व छठ का चार दिवसीय पर्व कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की (शुक्रवार) चतुर्थी को नहाय खाय के साथ शुरू हुआ है। पंचमी को खरना, षष्ठी को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया गया और और सप्तमी (सोमवार) को उदय हो रहे सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन करेंगे।

भदोही जिले व ग्रामीण क्षेत्रों मे सूर्य उपासना के चार दिवसीय महापर्व डाला छठ के तीसरे दिन रविवार को व्रती महिलाओ ने अस्ताचल गामी सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित कर विधि विधान पूर्वक पूजन किया। गंगा घाट जाने वाले हर मार्गो पर आस्था की भीड़ नजर आई। सुरक्षा के दृष्टिकोण से गंगा के साथ घाट पर प्रशासनिक व पुलिस के अधिकारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। गांव मे तालाब, सरोवर के साथ गंगा घाट पर वेदी बनाने के साथ ही अर्घ्य देने के लिए व्रती महिलाए परिजनो के साथ पूजन सामग्री लेकर गंगा घाट पर पहुचने लगी थी। सूर्य देव के अस्ताचल गामी होते ही अर्घ देने के साथ आराधना का क्रम शुरु हो गया। जौनपुर जिले में पुत्र प्राप्ति, समृद्धि एवं मंगलकामना के पर्व छठ पर रविवार की शाम आदि गंगा गोमती के प्रतिमा विसर्जन घाट, हनुमान घाट सहित विभिन्न घाटों पर डूबते सूर्य देव को अर्घ्य दिया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब व जलाशयों में भी सूर्य देव को अर्घ्य दिया गया।

## प्रियंका गांधी ने भाजपा, बीआरएस और एआईएमआईएम के बीच मिलीभगत का आरोप लगाया



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/भाषा।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने रविवार को आरोप लगाया कि तेलंगाना में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस), असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व वाली एआईएमआईएम और भाजपा साठगांठ कर काम कर रहे हैं। खानापुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा और बीआरएस के बीच एक ''मौन'' सहमति है और बीआरएस ने संसद में केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार का समर्थन किया था।

प्रियंका ने कहा, ''भाजपा और (मुख्यमंत्री) केसीआर जी आपस में मिले हुए हैं। आपको यह अच्छी तरह से समझना होगा।'' उन्होंने पूछा कि ओवैसी विभिन्न राज्यों में कई सीटों पर उम्मीदवार उतारकर चुनाव लड़ते हैं लेकिन वह तेलंगाना में नौ सीटों (कुल 119 में से) पर ही क्यों लड़ रहे हैं? कांग्रेस महासचिव ने दावा किया, ''तेलंगाना में, ओवैसी जी बीआरएस का समर्थन करते हैं। केंद्र में बीआरएस भाजपा का समर्थन करती है। तीनों के बीच साठगांठ है। अगर आप भाजपा को वोट देते हैं, इसका मतलब है कि आप बीआरएस को वोट दे रहे हैं। आप एआईएमआईएम को वोट देते हैं, इसका मतलब है कि बीआरएस के लिए मतदान कर रहे हैं।''

## खरगे, सोनिया, राहुल ने जयंती पर इंदिरा गांधी को दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली/वार्ता।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी तथा राहुल गांधी ने रविवार सुबह पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 106वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। खरगे तथा कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल तथा अन्य नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री की समाधि शक्ति स्थल जाकर उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

कांग्रेस ने अपने आधिकारिक पेज पर ट्वीट कर कहा 'शक्ति, साहस और कुशल नेतृत्व की मिसाल रहीं भारत की 'आयरन लेडी' इंदिरा गांधी जी को आज पूरा देश याद कर रहा है।' पार्टी ने शीर्ष कांग्रेस नेताओं के शक्ति स्थल पर पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धा सुमन अर्पित करने का एक वीडियो जारी कर पूर्व प्रधानमंत्री को नमन किया है।



# मनाली में पर्यटन कारोबार ने पकड़ी रफ्तार, 15 हजार वाहन पहुंचे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**शिमला/वार्ता।** हिमाचल प्रदेश के पर्यटन नगरी रोहतांग दर्रा समेत मनाली के पर्यटन स्थलों में रौनक बढ़ गई है। शाम होते ही मनाली मालरोड भी पर्यटकों से गुलजार होने लगा है। सर्दी की दस्तक और पहाड़ों में बीते दिनों हुई ताजा बर्फबारी के बाद मनाली का पर्यटन कारोबार रफ्तार पकड़ने लगा है। पिछले पांच दिनों में मनाली में 15,000 से अधिक पर्यटक पहुंचे हैं।

रोहतांग दर्रा समेत मनाली के पर्यटन स्थलों में रौनक बढ़ गई है। शाम होते ही मनाली मालरोड भी पर्यटकों से गुलजार होने लगा है। शनिवार को 654 पर्यटक वाहन रोहतांग पहुंचे। पांच दिनों में करीब 3,000 पर्यटक वाहनों में हजारों पर्यटक रोहतांग दर्रा पहुंचे और बर्फबारी का आनंद लिया। बर्फबारी के बाद रोहतांग दर्रा सैलानियों की पहली पसंद बन गया है। यहां गाड़ी से उतरकर पर्यटकों को आसानी से बर्फ देखने को मिल रही है। पर्यटक रोहतांग दर्रे के दीदार कर वापसी में कोकसर होते हुए अटल टनल के भी दीदार कर रहे हैं। पर्यटन कारोबार ने गति पकड़ ली थी। मंगलवार को 421, बुधवार को 578, वीरवार को 648 और शुक्रवार को 654, शनिवार को 654 पर्यटक वाहन परमिट लेकर रोहतांग दर्रे में पहुंचे। पर्यटकों की आमद बढ़ने से मनाली के सभी पर्यटन कारोबारियों को राहत मिली है। होटल 30 से 40 प्रतिशत कमरे पैक बताए जा रहे हैं। हालांकि छोटे होटलों की बुकिंग फिलहाल कम ही है। होटलियर एसोसिएशन के चीफ पेटर्न एवं फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र ठाकुर ने कहा कि मनाली की रौनक बढ़ गई है। बुकिंग भी अच्छी चल रही है। इससे प्रतीत हो रहा है कि इस साल नव वर्ष सीजन भी अच्छा रहेगा। एसडीएम मनाली रमन शर्मा ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने बताया कि रोहतांग जाने वाले पर्यटक वाहनों की संख्या भी बढ़ी है। रोहतांग दर्रे में पर्यटकों की आवाजाही मौसम पर निर्भर रहेगी।

## ममता ने रेलवे से यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की मांग की

**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को मांग की कि रेल यात्रियों की सुरक्षा पर अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए और रेलवे को टिकटों के संबंध में 'डायनेमिक फेयर' प्रणाली को वापस लेना चाहिए। पूर्व रेल मंत्री ने आरोप लगाया कि ट्रेन का किराया कभी-कभी विमान किराये से भी अधिक हो जाती है।

'डायनेमिक फेयर' प्रणाली के तहत टिकटों की अधिक मांग होने पर किराया स्वत: बढ़ जाता है।

बनर्जी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''यह जानकर दुख हुआ कि रेलवे का यात्री किराया तेजी से बढ़ रहा है और यहां तक कि सुविधा ट्रेनों का भी किराया कभी-कभी हवाई किराए से भी अधिक होता है! आपात स्थिति में आम लोग कहां जायेंगे।'' उन्होंने कहा, ''किराये में वृद्धि पर लगाम लगाई जानी चाहिए! और सुरक्षा पर ध्यान दिया जाना चाहिए।''

रेलवे ने 2016 में 'डायनेमिक फेयर' प्रणाली की शुरुआत की थी। देश में बढ़ती रेल दुर्घटनाओं को लेकर बनर्जी ने यह भी सवाल किया कि रेल मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने जो सुरक्षा उपकरण और अन्य दुर्घटना-रोधी उपाय पेश किए थे, उनका इस्तेमाल दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए क्यों नहीं किया गया।



## छठ पूजा के चार दिनों में देश में लगभग आठ हजार करोड़ रुपये का हुआ व्यापार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/वार्ता।** सत्रह नवंबर को नहाय-खाय से शुरू होकर तथा 20 नवम्बर तक चलने वाले चार दिवसीय छठ पूजा महोत्सव के दौरान बिहार और झारखंड के अलावा अन्य राज्यों में बसे बिहार के लोगों ने बेहद उत्साह एवं उमंग के साथ छठ पूजा पर विभिन्न राज्यों के रिटेल बाज़ारों से लगभग आठ हज़ार करोड़ रुपये से अधिक के सामान की ख़रीदी की।

आँकड़े के अनुसार देश भर में लगभग 20 करोड़ से अधिक लोग छठ पूजा कर रहे हैं जिनमें स्त्री, पुरुष के अलावा युवा तथा बच्चे सभी शामिल हैं। कनफ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ( कैट) जो इस वर्ष हर त्योहार के बिक्री के आँकड़े जारी कर रहा है, ने छठ पूजा की बिक्री के आँकड़े आज जारी करते हुए कहा कि छठ पूजा भारत की लोक संस्कृति का सबसे बड़ा त्योहार माना जाता है जो नहाय खाय से शुरू होकर चार दिनों में पारण पर समाप्त होता है। यह भारत की संस्कृत एवं सभ्यता है कि जहां छठ पूजा के दौरान उगते सूर्य के साथ पहले डूबते सूर्य की पूजा की जाती है जो इस बात को स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि उगते के साथ तो सब होते हैं लेकिन भारत के लोग डूबते का भी सहारा बनते हैं। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी सी भरतिया और राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने बताया कि बिहार और झारखंड के अलावा यह त्योहार पूर्वी उत्तर प्रदेश, दिल्ली, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में भी ज़ोर शोर से मनाया जाता है क्योंकि इन सभी राज्यों में बिहार के लोग बड़ी संख्या में काम करते हुए अपनी आजीविका अर्जित करते हैं।

## अरुणाचल: खांडू ने रचनात्मक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए 'राइटर्स विलेज' का प्रस्ताव किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**ईटानगर/भाषा।** अरुणाचल प्रदेश में लेखकों, कलाकारों, शोधार्थियों और रचनात्मक प्रतिभाओं को अच्छा माहौल प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने राज्य में 'राइटर्स विलेज' (लेखकों का गांव) की स्थापना का प्रस्ताव किया है।

खांडू ने यह घोषणा शनिवार रात यहां तीन दिवसीय अरुणाचल साहित्य महोत्सव (एएलएफ) के समापन समारोह के दौरान की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में उपयुक्त स्थान पर स्थापित किया जाने वाला यह गांव प्रकृति की गोद में एक रिजॉर्ट होगा, जहां लेखक और कलाकार एकांत में अपनी रचनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ा सकेंगे। खांडू ने कहा कि इस परियोजना की परिकल्पना उन्होंने काफी समय पहले की थी और यह अवसर इसकी घोषणा करने का बिल्कुल सही समय है।

उन्होंने कहा, ''अरुणाचल में कुछ बेहतरीन स्थान हैं जहां मन बिल्कुल शांत रहता है, दिल सही लय में धड़कता है और पूरा सुकून मिलता है। लेखकों और कलाकारों को अपनी कला को निखारने के लिए ऐसे ही माहौल की जरूरत है। हम यह प्रदान करेंगे।''

## निर्वाचन आयोग 'पिंजरे में बंद तोता' बन गया है : संजय राउत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने रविवार को कहा कि भारत निर्वाचन आयोग 'पिंजरे में बंद तोता' व एक दिखावा बनकर रह गया है और उस पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यों पर 'आंख मूंदने' का आरोप लगाया।

शिवसेना (यूबीटी) के मुखपत्र 'सामना' में अपने साप्ताहिक स्तंभ 'रोखठोक' में, राउत ने भाजपा पर पांच राज्यों में जहां (नवंबर में) विधानसभा चुनाव हो रहे हैं, वहां आधार खोने के बाद मतदाताओं को रिश्वत देने के लिए धार्मिक प्रचार का सहारा लेने का भी आरोप लगाया। राउत ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पिछले सप्ताह मध्य प्रदेश में दिए गए उस बयान की आलोचना की जिसमें उन्होंने लोगों से वादा किया था कि यदि भाजपा सत्ता में बनी रहती है तो वह अयोध्या में राम मंदिर के लिए सरकार द्वारा आयोजित यात्राएं कराएगी। राउत ने कहा कि यह स्पष्ट रूप से धार्मिक आधार पर प्रचार था। शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सदस्य ने आरोप लगाया कि अगर ऐसा बयान किसी कांग्रेस नेता ने दिया होता तो प्रवर्तन निदेशालय की तरह निर्वाचन आयोग भी वारंट के साथ दरवाजे पर खड़ा होता।

# सचिन ने अपनी 10 नबंर की जर्सी कोहली को उपहार में दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अहमदाबाद/भाषा।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को यहां रविवार को आस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल से पहले अपने आदर्श सचिन तेंदुलकर की 10 नंबर की जर्सी उपहार में मिली।

तेंदुलकर ने अपने अंतिम वनडे के दौरान पहनी हस्ताक्षर की हुई जर्सी कोहली को उपहार में दी। तेंदुलकर का आखिरी वनडे 2012 में मीरपुर में पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप मैच था।

कोहली ने बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप सेमीफाइनल में तेंदुलकर के 49 वनडे शतक का रिकॉर्ड तोड़ दिया था। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) ने 'एक्स' पर फोटो साझा की जिसमें कोहली जर्सी हाथ में लिये हैं। बीसीसीआई ने लिखा, '' यह विशेष मौका है और एक विशेष मैच से पहले का पल। उनके इस भाव से उनकी 'क्लास' दिखती है। महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने अपने अंतिम वनडे में पहनी हुई हस्ताक्षर की जर्सी विराट कोहली को उपहार में दी। '' कोहली खेल के इतिहास में 50 वनडे शतक जड़ने वाले पहले बल्लेबाज हैं।




### प्रधानमंत्री मोदी और ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री मार्ल्स विश्व कप फाइनल देखने अहमदाबाद पहुंचे

**अहमदाबाद/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्ल्स भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रविवार को यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में चल रहे आईसीसी क्रिकेट विश्व कप फाइनल देखने के लिए अहमदाबाद पहुंचे। मोदी और मार्ल्स के देर शाम स्टेडियम पहुंचने की उम्मीद है। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, राज्यपाल आचार्य देवव्रत और गुजरात के भारतीय जनता पार्टी प्रमुख सीआर पाटिल ने शाम को हवाई अड्डे पहुंचने पर मोदी का स्वागत किया।




### कांग्रेस ने विश्व कप क्रिकेट के फाइनल मुकाबले के लिए अपने मुख्यालय में लगाई स्क्रीन, खरगे मौजूद

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने भारत और आस्ट्रेलिया के बीच अहमदाबाद में खेले जा रहे विश्व कप क्रिकेट के 'फाइनल' मुकाबले को देखने के लिए यहां अपने मुख्यालय में बड़ी 'स्क्रीन' लगाई है। सूत्रों ने बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ मैच देखने के लिए कांग्रेस मुख्यालय में मौजूद हैं। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, और राजस्थान के बूंदी में चुनाव प्रचार कर रहे पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के भी मैच देखने की संभावना है। खरगे और सोनिया ने भारतीय क्रिकेट टीम को शुभकामनाएं दी हैं और कहा कि पूरा देश उनके साथ खड़ा है तथा विश्व कप जीतने के लिए उनका हौसला बढ़ा रहा है।

# बेंगलूरु में प्रकाश पादुकोण की देखरेख में अभ्यास करेंगी पीवी सिंधु

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**हैदराबाद/भाषा।** ओलंपिक में तीसरा पदक हासिल करने की कवायद में लगी भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु पेरिस में अगले साल होने वाले खेलों से पहले हैदराबाद की बजाय बेंगलूरु में दिग्गज प्रकाश पादुकोण की देखरेख में अभ्यास करेंगी।

सिंधु ने सितंबर में पादुकोण की निगरानी में अभ्यास किया था और एशियाई खेलों से पहले उन्होंने संकेत दिए थे कि वह आगे उनकी देखरेख में ही अभ्यास कर सकती है। इस 28 वर्षीय खिलाड़ी ने अब सोशल मीडिया के जरिए इसका खुलासा किया है। सिंधु ने एक्स पर लिखा,''उन लोगों के लिए जो सोच रहे हैं और लगातार मुझसे पूछ रहे हैं, आखिरकार इसका खुलासा हो गया है।'' उन्होंने कहा,''प्रकाश सर मेरे लिए मेंटर (मार्गदर्शक) की भूमिका निभा रहे हैं। मैंने अगस्त के आखिर से उनके साथ अभ्यास शुरू कर दिया था। वह मेरे लिए मेंटर से भी बढ़कर हैं। वह मेरे लिए गाइड, गुरु और सच्चे दोस्त हैं। मुझे विश्वास है कि उनके पास मुझसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराने का जादू है।''

## सुविचार

**रोग अपनी देह में पैदा होकर भी हानि पहुँचाता है और औषधि वन में पैदा होकर भी हमारा लाभ ही करती है, हित चाहने वाला पराया भी अपना है और अहित करने वाला अपना भी पराया है।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# सख्त नसीहत जरूरी

डीपफेक मुद्दे पर केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्री अश्विनी वैष्णव का यह बयान कि 'सरकार जल्द ही इस पर सोशल मीडिया मंचों से चर्चा करेगी और अगर उन्होंने इस संबंध में पर्याप्त कदम नहीं उठाए तो उन्हें आईटी अधिनियम के 'सेफ हार्बर प्रतिरक्षा' खंड के तहत संरक्षण नहीं मिलेगा' स्वागत-योग्य है। पिछले दिनों जिस तरह अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का 'डीपफेक वीडियो' सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, उसके मद्देनजर सोशल मीडिया कंपनियों की बड़ी जिम्मेदारी है कि वे सतर्क रहें और अगर किसी ऐसे वीडियो को लेकर शिकायत प्राप्त हो तो उस पर समुचित कार्रवाई भी करें। कोई व्यक्ति किसी को निशाना बनाने के लिए डीपफेक वीडियो का निर्माण करता है तो उसका अगला कदम सोशल मीडिया पर इसे प्रसारित करना होता है। इसके अलावा उसकी मंशा किसी की मानहानि, दुष्प्रचार, किसी को भ्रमित करना, अशांति फैलाना या प्रभावित करना हो सकता है। सोशल मीडिया पहले ही बहुत असुरक्षित हो गया है। यहां शातिर अपराधी आए दिन लोगों को तरह-तरह से लूट रहे हैं। इसको ध्यान में रखते हुए कई लोग तो सोशल मीडिया को छोड़ चुके हैं। अब डीपफेक तकनीक अपराधियों के लिए ऐसा अस्त्र साबित हो सकती है, जिस पर समय रहते नियंत्रण के उपाय नहीं किए गए तो अपराध बढ़ने की आशंका है, खासकर आर्थिक अपराध और ऑनलाइन ठगी। वैष्णव ने उचित कहा, 'वे कदम उठा रहे हैं ... लेकिन हमें लगता है कि कई और कदम उठाने होंगे। ... और हम बहुत जल्द ... शायद अगले तीन-चार दिनों में सभी मंचों की एक बैठक करने जा रहे हैं। हम उन्हें इस पर विचार-मंथन के लिए बुलाएंगे और सुनिश्चित करेंगे कि मंच इसे (डीपफेक) रोकने के लिए पर्याप्त प्रयास करें और अपने तंत्र को साफ़ करें।'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कृत्रिम मेधा (एआई) द्वारा बनाए गए डीपफेक वीडियो से संबंधित खतरों को लेकर आगाह कर चुके हैं। बेशक ऐसे वीडियो समाज में असंतोष पैदा कर कानून-व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती खड़ी कर सकते हैं। सोशल मीडिया कंपनियां अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकतीं। अभी उनके मंच पर 'फेक न्यूज' खूब प्रसारित हो रही हैं। कंपनियां दावा करती हैं कि वे अपने मंच को ऐसी सामग्री से साफ रखेंगी, लेकिन जब तक कोई कार्रवाई होती है, वह सामग्री सोशल मीडिया पर काफी प्रसारित हो जाती है। इससे बड़ा भ्रम फैलता है। हाल में कुछ वॉटसऐप समूहों में एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ था, जिसके बारे में यह दावा किया जा रहा था कि वह जम्मू-कश्मीर का है, जहां सुरक्षा बलों द्वारा आम लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। वह दावा पूरी तरह ग़लत था, क्योंकि उस वीडियो का जम्मू-कश्मीर से दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं था। वह सीरिया का पुराना वीडियो था, लेकिन कुछ शरारती तत्त्वों ने इसके जरिए झूठ फैलाने की कोशिश की। ऐसे वीडियो को प्रसारित करने के पीछे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का हाथ हो सकता है। भारत ने अपने विभिन्न अभियानों में पाक मूल के जिन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया, उन्होंने पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे किए थे। उनका कहना था कि जब उन्हें आतंकवाद का प्रशिक्षण दिया गया तो जज्बात भड़काने के लिए ऐसे वीडियो दिखाए गए, जिनमें सुरक्षा बलों द्वारा आम लोगों पर हिंसा की जा रही थी। उन वीडियो के जरिए उनके दिमाग में भारत के खिलाफ जहर भरा गया। असल में वे वीडियो इराक, यमन, सीरिया, अफगानिस्तान ... जैसे देशों के थे, जहां काफी समय से खून-खराबा हो रहा है। डीपफेक तकनीक युवाओं को भ्रमित करने में खतरनाक किरदार निभा सकती है। लिहाजा सरकार को सोशल मीडिया कंपनियों को सख्त नसीहत देनी चाहिए। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर झूठ फैलाने की इजाजत किसी को नहीं होनी चाहिए।

## ट्वीटर टॉक



केंद्र की भाजपा सरकार ने तो पूरे देश के लिये पेट्रोल सस्ता किया है। जिन-जिन राज्यों में भाजपा की सरकार है वहां-वहां जनता को डबल लाभ दिया गया है, लेकिन कांग्रेस की भ्रष्ट सरकारों ने ये लाभ जनता को नहीं दिया और खुद लूट लिया।

**-नरेन्द्र मोदी**



प्रदेश में इस बार जनता डबल इंजन वाली भाजपा सरकार को चुनेगी, क्योंकि 2018 में एक ऐसी सरकार आई जिसने बहुत सारे सपने और सब्जबाग दिखाएं, परंतु पांच वर्षों तक जनता को कोई राहत देने का काम नहीं किया।

**-सीपी जोशी**



भगवान सूर्य की उपासना व लोक आस्था के महापर्व 'छठ पूजा' की समस्त श्रद्धालुओं और देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ। भगवान भास्कर से प्रार्थना करता हूँ कि इस पावन पर्व पर सभी को नवीन ऊर्जा, उत्कर्ष, सुख, समृद्धि व आरोग्य प्रदान करें।

**-जेपी नड्डा**

## प्रेरक प्रसंग

# वसीयतनामा

देश के स्वाधीनता संग्राम में वीर सावरकर का विशिष्ट योगदान रहा है। यही वजह है कि उन्हें आज भी आदर से याद किया जाता है। वे शांतिपूर्ण तरीके से देश को आज़ाद करने के प्रयासों में लगे रहे। उनके जीवन का लक्ष्य हिंसा-अहिंसा के तर्क से परे देश की आज़ादी थी। इसके बावजूद उन्हें अंग्रेजों ने तरह-तरह से यातनाएं दीं और कालेपानी की सजा भी दी। आजाद भारत में देश की विषम परिस्थितियों से वे खासे परेशान रहते थे। देश विभाजन की टीस हमेशा उन्हें कचोटती रही। कालांतर में चीन के हमले व पाक युद्ध ने उन्हें खासा परेशान किया। फिर उन्हें अहसास हो गया कि अब उनका स्वास्थ्य साथ नहीं दे रहा है। तब उन्होंने दवा लेनी तक बंद कर दी। उन्होंने अपने डॉक्टर से कह दिया कि उन्हें शांति से विदा लेने दी जाए। हालांकि, देश के हालात से उपजा कष्ट उन्हें जीवनपर्यंत परेशान करता रहा। जीवन के अंतिम समय में जब उनकी वसीयत पूरी होने को थी, उन्होंने लिखवाया कि मैं देशवासियों से आग्रह करूंगा कि वे हड़ताल का सहारा न लें, जिससे देश के विकास की गति थम जाती है। उन्होंने विश्वास जताया कि देशवासी उनकी बात का ध्यान रखकर राष्ट्र प्रगति में अपना बहुमूल्य योगदान देंगे।

## सामयिक

# विश्व युद्ध टालने में भारत निभा सकता है नई भूमिका

संजीव ठाकुर
मोबाइल : 9009 415 415.

भारत के पांचवी आर्थिक शक्ति बनने के बाद इसराइल हमास के विनाशकारी युद्ध हमास का आतंकवादी चेहरा और इजरायल की बदला लेने की सनक के साथ रूस के तानाशाह व्लादिमीर पुतिन के परमाणु अस्त्रों के इस्तेमाल की यूक्रेन तथा यूरोपीय देशों के विरुद्ध धमकी ने अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, कनाडा, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय देशों को चिंता में डाल दिया है। ऐसे में विश्व के देशों ने भारत की ओर आशा लगाकर भारतीय प्रधानमंत्री से यह उम्मीद की जा रही है कि भारत के प्रधानमंत्री इजरायल अमेरिका और फिलिस्तीन के साथ ईरान, इराक, सऊदी अरब के नेताओं के मध्य संवाद करवा कर शांति का रास्ता निकालने का प्रयास करेंगे। दूसरी तरफ पुतिन को अपने पुराने संबंधों के चलते विश्व शांति का पाठ पढ़ा सकते हैं। भारत की विश्व में नई सामरिक तथा आर्थिक स्थिति अब पहले से ज्यादा कई गुना मजबूत हो गई है। अब भारत अपनी बात हर तरह से मनवाने में सक्षम भी है। दूसरी तरफ इंग्लैंड की प्रधानमंत्री के सामने भारत से अपने मूल रूप से संबंध अच्छे करने की चुनौती भी है।

उज़्बेकिस्तान के समरकंद में शंघाई सहयोग संगठन की अति महत्वपूर्ण बैठक में भारत ने अपनी नई दमदार विदेश नीति का आगाज किया है। भारत अब वो पुराना भारत नहीं रहा है। इस बात को दुनिया के सामने इस संगठन की बैठक में भारत ने बड़ी मजबूती के साथ रखा है। भारत की विदेश नीति के तहत भारत किसी एक मजबूत राष्ट्र का सहारा ना लेकर रूस और अमेरिका को एक ही तराजू में तौल रहा है। भारत की नई कूटनीति तथा विदेश नीति की धमक अब स्पष्ट रूप से इस संगठन की बैठक में दिखाई दी है। भारत में अपनी कूटनीति के चलते बैठक में उपस्थित चीन तथा पाकिस्तान को दरकिनार कर पूरे विश्व को समझा दिया है की चीन और पाकिस्तान दुनिया में अलग-थलग पड़ गए हैं। इसी तरह यूक्रेन के मामले में भारत में रूस के व्लादिमीर पुतिन को साफ साफ शब्दों में वैश्विक शांति की बातें समझाइ है। अमेरिका को भी भारत में समझा दिया है की रूस और यूक्रेन मामले में वह अमेरिकी दबाव में ना आकर वाह रूस को मौन समर्थन देना नहीं छोड़ेगा और इसके अलावा रूस से अपने व्यवसायिक रिश्ते बनाकर क्रूड आयल, डीजल तथा पेट्रोल की खरीदी निरंतर जारी रखेगा। उल्लेखनीय है कि भारत ने विगत तीन वर्षों से अपनी विदेश नीति कुछ इस तरह निर्धारित की है कि जिसमें बड़े राष्ट्रों पर केंद्रित न होकर वह हर राष्ट्र से संबंध बनाकर वैश्विक जगत में अपनी नई स्वतंत्र विदेश नीति का आगाज करने जा रहा है। आने वाले समय में भी भारत की विदेश नीति एवं भारतीय गणतंत्र एक नई विदेश नीति लेकर उभरेगा।

भारत को संभवत शंघाई सहयोग संगठन और जी20 तथा संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद जैसे महत्वपूर्ण संगठनों में अध्यक्षता का अवसर भी मिलेगा क्योंकि आने वाले वर्ष में भारत वर्ष में ही शंघाई संगठन सहयोग और जी-20 की महत्वपूर्ण बैठक है आयोजित होने वाली हैं। जी 7 देशों में भी जर्मनी तथा कुछ अन्य देश इस समूह में भारत को शामिल करना चाहते हैं। इस तरह इन देशों के समर्थन से भारत जी 7 का महत्वपूर्ण हिस्सा भी बन सकता है। स्वतंत्रता के बाद से ही भारत ने अपने को स्वतंत्र विदेश नीति का पोषक बना कर रखा है और विगत वर्षों से भारत ने अपने को एक गुट निरपेक्ष राष्ट्र की तरह वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत किया है।

रूस यूक्रेन युद्ध तथा ताजा ताजा चीन ताइवान तथा अमेरिकी द्वंद में भारत में अपनी स्वतंत्र विदेश नीति के तहत एक अलग मध्यम मार्ग बनाए रखा है। रूस यूक्रेन युद्ध में अंतरराष्ट्रीय दबाव में न आकर भारत ने रूस की निंदा से परहेज कर अपने व्यापारिक संबंध रूस से बनाए रखे हैं एवं अमेरिकी दबाव से बाहर आकर भारत ने नाटो देशों का भी समर्थन नहीं किया है। यह घटना भारत की एक बड़ी कूटनीतिक सफलता के रूप में सामने आई है । भारत में इस संगठन की बैठक के दौरान यह स्पष्ट रूप से बता दिया है कि जो देश उसके साथ जिस तरह का व्यवहार करेगा भारत उसे उसी तरह से जवाब देने में सक्षम है चीन को भी स्पष्ट रूप से भारत ने चेतावनी दी है कि यदि वह एलएसी तथा लद्दाख में किसी भी तरह की दखलअंदाजी करेगा तो भारत इसे बर्दाश्त नहीं करेगा एवं यदि वह दोस्ती की पहल करता है तो भारत दो कदम आगे आकर वार्ता में शामिल होने का तैयार है। भारत ने स्पष्ट रूप से रूस को यह समझा दिया है कि उसकी पाकिस्तान के साथ बढ़ती नजदीकी रास नहीं आ रही है। इसी तरह अमेरिका द्वारा पाकिस्तान को किसी भी तरह की सहायता दिए जाने का खुलकर विरोध करेगा।

भारत ने अपनी विदेश नीति तथा कूटनीति को साफ कर दिया है, वह जहां शंघाई संगठन का खास सदस्य है जो अमेरिका का घोर विरोधी माना जाता है दूसरी तरफ वह 5 देशों वाले मजबूत संगठन क्वाड का भी हिस्सा है जो स्पष्ट रूप से चीन का विरोधी संगठन माना जाता है। भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि वह देश के हितों के नफा और नुकसान देखकर अपने संबंध अन्य देशों से स्थापित करेगा। भारत वैश्विक स्तर पर विश्व के अनेक देशों से अपने अलग-अलग व्यवसायिक एवं राजनैतिक रिश्ते बनाने में विश्वास रखता है। भारत की स्वतंत्र विदेश नीति इस बात से भी स्पष्ट हो जाती है कि भारत जी20 जैसे संगठन का सदस्य भी है, जिसमें अमेरिका चीन जैसे परंपरागत घोर विरोधी अमेरिका तथा चीन भी अहम सदस्य हैं।

आने वाला वर्ष भारत की नई विदेश नीति और कूटनीति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण इसलिए होने वाला हैं कि भारत जी 20 तथा शंघाई संगठन की मेजवानी कर अध्यक्षता करेगा और इन समूहों तथा बैठकों में अपने मनपसंद तथा मित्र देशों को बुलाने का अधिकार भारत के हाथ में ही होगा। ऐसे में भारत नए और मजबूत भारत के रूप में उभरेगा इसके अलावा भारत स20 देशों की बैठक में बांग्लादेश, नीदरलैंड, मिश्र, मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात, नाइजीरिया, ओमान, सिंगापुर और स्पेन को बुलाकर उनसे विचार-विमर्श करने की बहुत बड़ी तथा महत्वकांक्षी योजना बनाई है क्योंकि इन देशों के शामिल होने से भविष्य में एक नया परिदृश्य उभरने की संभावना बनती है। भारत में वैश्विक स्तर पर अपनी नई को अपनी तथा विदेश नीति के चलते एक नए भारत को दुनिया के सामने पेश करने की पेशकश की है। भारत में भविष्य देश के अंदर तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उज्ज्वल होने की संभावना को एक नई दिशा मिलने की संभावना बन रही है।

> **भारत ने अपनी विदेश नीति तथा कूटनीति को साफ कर दिया है, वह जहां शंघाई संगठन का खास सदस्य है जो अमेरिका का घोर विरोधी माना जाता है दूसरी तरफ वह 5 देशों वाले मजबूत संगठन क्वाड का भी हिस्सा है जो स्पष्ट रूप से चीन का विरोधी संगठन माना जाता है। भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि वह देश के हितों के नफा और नुकसान देखकर अपने संबंध अन्य देशों से स्थापित करेगा।**

## मंथन

# बच्चों से जुड़े मुद्दों का हो समाधान

योगेश कुमार गोयल
मोबाइल : 9416740584

बाल दिवस केवल भारत में ही नहीं बल्कि विश्व के अधिकांश देशों में मनाया जाता है। भारत में बाल दिवस प्रतिवर्ष 14 नवम्बर को मनाया जाता है लेकिन बच्चों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर यह दिवस 20 नवम्बर को मनाया जाता है। यह दिवस हमें बच्चों के अधिकारों की वकालत करने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करता है। वैश्विक स्तर पर इस दिवस को मनाने का उद्देश्य दुनियाभर में बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार करना, उनकी समस्याओं को हल करना, उनके कल्याण के लिए काम करना तथा अंतर्राष्ट्रीय एकजुटता को बढ़ावा देना है। बाल दिवस दुनियाभर में 191 देशों में मनाया जातता है और अनेक देशों में इसे मनाने की तारीखें अलग-अलग हैं। जनवरी माह से लेकर दिसम्बर तक हर माह किसी न किसी देश में बाल दिवस का आयोजन होता है। वैसे तो बाल दिवस मनाए जाने की शुरूआत वर्ष 1925 से ही हो गई थी लेकिन वैश्विक रूप में देखें तो इसे दुनियाभर में मान्यता मिली 1953 में। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 20 नवम्बर 1954 को 'अंतर्राष्ट्रीय बाल दिवस' मनाए जाने की घोषणा की गई थी, जिसका उद्देश्य यही था कि इस विशेष दिन के माध्यम से अलग-अलग देशों के बच्चे एक-दूसरे के साथ जुड़ सकें, जिससे उनके बीच आपसी समझ तथा एकता की भावना मजबूत हो सके। सर्वप्रथम बाल दिवस जेनेवा के इंटरनेशनल यूनियन फॉर चाइल्ड वेलफेयर के सहयोग से विश्वभर में अक्तूबर 1953 में मनाया गया था। विश्वभर में बाल दिवस मनाए जाने का विचार वी के कृष्ण मेनन का था, जिसे संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1954 में अपनाया गया था। संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्वभर के तमाम देशों से अपील की गई थी कि वे अपनी परम्पराओं, संस्कृति तथा धर्म के अनुसार अपने लिए कोई एक ऐसा दिन सुनिश्चित करें, जो सिर्फ बच्चों को ही समर्पित हो।

दुनियाभर में बाल दिवस के माध्यम से लोगों को बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल मजदूरी इत्यादि बच्चों के अधिकारों के प्रति जगरूक करने का प्रयास किया जाता है। माना जाता है कि सबसे पहले बाल दिवस तुर्की में मनाया गया था। आइए देखते हैं कि दुनियाभर में किन देशों द्वारा कब बाल दिवस मनाया जाता है। जनवरी के पहले शुक्रवार को बहामास में, 11 जनवरी को ट्यूनिशिया, जनवरी के दूसरे शनिवार को थाईलैंड, फरवरी के दूसरे रविवार कुक द्वीप समूह, नाउरू, निउए, टोकेलौ तथा केमन द्वीप समूह में, 13 फरवरी को म्यांमार, मार्च के पहले रविवार को न्यूजीलैंड, 17 मार्च को बांग्लादेश, 4 अप्रैल को चीनी ताइपे, हांगकांग, 5 अप्रैल को फिलीस्तीन, 12 अप्रैल को बोलिविया तथा हैती, 23 अप्रैल को तुर्की, 30 अप्रैल को मेक्सिको, 5 मई को दक्षिण कोरिया तथा जापान, मई के दूसरे रविवार को स्पेन तथा यूके, 10 मई को मालदीव, 17 मई को नार्वे, 27 मई को नाईजीरिया, मई के आखरी रविवार को हंगरी, 1 जून को चीन सहित कई देशों में बाल संरक्षण दिवस के रूप में, 1 जुलाई को पाकिस्तान, जुलाई के तीसरे रविवार को क्यूबा, पनामा, वेनेजुएला, 23 जुलाई को इंडोनेशिया, अगस्त के पहले रविवार को उरुग्वे, 16 अगस्त को पैराग्वे, अगस्त के तीसरा रविवार को अर्जेन्टीना तथा पेरू, 9 सितम्बर कोस्टा रीका, 10 सितम्बर को हौण्डुरस, 14 सितम्बर को नेपाल, 20 सितम्बर को आस्ट्रिया तथा जर्मनी, 25 सितम्बर को नीदरलैंड, 1 अक्तूबर को अल साल्वाडोर, ग्वाटेमाला तथा श्रीलंका, अक्तूबर के पहले बुधवार को चिली, अक्तूबर के पहले शुक्रवार को सिंगापुर, 8 अक्तूबर को ईरान, 12 अक्तूबर को ब्राजील, अक्तूबर के चौथे शनिवार को मलेशिया, अक्तूबर के चौथा रविवार को आस्ट्रेलिया, नवम्बर के पहले शनिवार को दक्षिण अफ्रीका, 20 नवम्बर को अजरबैजान, कनाडा, साइप्रस, मिस्र, इथियोपिया, फिनलैंड, फ्रांस, यूनान, आयरलैंड, इजराइल, केन्या, मैसिडोनिया, नीदरलैंड, फिलीपींस, सर्बिया, स्लोवेनिया, दक्षिण अफ्रीका, स्पेन, स्वीडन, स्विटजरलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, त्रिनिदाद व टोबेगो, 5 दिसम्बर को सूरीनाम, 23 दिसम्बर को सूडान तथा 25 दिसम्बर कांगो गणराज्य, कैमरून तथा भूमध्यरेखीय गिनी में बाल दिवस का आयोजन किया जाता है। अपनी-अपनी सहूलियत के आधार पर विभिन्न देशों द्वारा अलग-अलग तारीखों पर बाल दिवस मनाया जाता है लेकिन हर जगह बाल दिवस मनाए जाने का मूल उद्देश्य यही है कि इसके जरिये लोगों को बच्चों के अधिकारों तथा सुरक्षा के लिए जागरूक किया जा सके और बच्चों से जुड़े मुद्दों का समाधान किया जा सके।

## विशेष

# गाय की पूजा को समर्पित है गोपाष्टमी पर्व

बाल मुकुन्द ओझा
मोबाइल : 8949519406

देश में हर साल कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को गोपाष्टी का त्योहार मनाए जाने की परंपरा है। इस साल गोपाष्टमी 20 नवंबर को है। हिन्दू धर्म में गाय को पूजनीय मानकर माता का दर्ज़ा दिया जाता है, क्योंकि गाय को छत्तीस कोटि देवी-देवताओं का वास माना जाता है। इस अवसर पर गौ माता की पूजा और सेवा करने का सनातनी विधान है। बताया जाता है कि भगवान श्री कृष्ण ने गोपाष्टमी पर ही गौ-चारण यानी गायों को चराना शुरू किया था। चूंकि श्रीकृष्ण स्वंय गायों की सेवा करते थे, इसलिए इस दिन गौ सेवा का विशेष महत्व बताया गया है। इस गोपाष्टमी के दिन गाय या गाय के बछड़े को हरा चारा खिलाना बहुत ही शुभ माना जाता है। ऐसा कहते हैं कि इस दिन गाय को हरा चारा खिलाने से दांपत्य जीवन में खुशहाली आती है।



यह त्योहार भगवान श्रीकृष्ण और गायों को समर्पित है। यह मथुरा, वृंदावन और अन्य ब्रज क्षेत्रों में गोपाष्टमी प्रसिद्ध त्योहार है। इस दिन गायों को उनके बछड़े के साथ सजाने और पूजा करने की परंपरा है। आज के दिन श्रीकृष्ण के पिता नंद महाराज ने श्रीकृष्ण को गायों की देखभाल की जिम्मेदारी दी थी और श्रीकृष्ण गायों को चराने वन ले गये थे। गोपाष्टमी पर प्रातः काल में ही धूप-दीप अक्षत, रोली, गुड़, आदि वस्त्र तथा जल से गाय का पूजन किया जाता है और आरती उतारी जाती है। इस दिन कई व्यक्ति ग्वालों को उपहार आदि देकर उनका भी पूजन करते हैं। गायों को खूब सजाया जाता है। इसके बाद गाय को चारा आदि डालकर परिक्रमा करते हैं। परिक्रमा करने के बाद कुछ दूर तक गायों के साथ चलते हैं। ऐसी आस्था है कि गोपाष्टमी के दिन गाय के नीचे से निकलने वालों को बड़ा ही पुण्य मिलता है।

गोपालन भारतीय संस्कृति का हिस्सा हैं। गाय को माता रूप में पूजने और उसके पालन में आमजन के साथ कई संस्थाएं भी लगी हैं जो देशभर में गौशालाएं संचालित करती है। महंगाई के जमाने में गोपालन के प्रति लोगों का मोह भंग सा हो चला था, लेकिन कोरोना काल के बाद देसी नस्ल की गाय के दूध और दुग्ध से बने उत्पादों की मांग फिर से बढ़ी है। मिलावटी खानपान से बचने और इम्युनिटी बढ़ाने के लिए शुद्ध दूध,छाछ, दही, घी आदि को लोग प्राथमिकता दे रहे हैं चाहे ये उत्पाद बाजार भाव से भले ही चार गुणा में ही क्यों ना उपलब्ध हो।

गाय का दूध, गाय का घी, दही, छांछ यहाँ तक की मूत्र भी मनुष्य जाति के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक हैं। गोपाष्टमी त्यौहार हमें बताता हैं कि हम सभी अपने पालन के लिये गाय पर निर्भर करते हैं इसलिए वो हमारे लिए पूज्यनीय हैं। और हिन्दू संस्कृति, गाय को माँ का दर्जा देती हैं।

एक पौराणिक कथा अनुसार बालक कृष्ण ने माँ यशोदा से गायों की सेवा करनी की इच्छा व्यक्त की कृष्ण कहते हैं कि माँ मुझे गाय चराने की अनुमति मिलनी चाहिए। उनके कहने पर शांडिल्य ऋषि द्वारा अच्छा समय देखकर उन्हें भी गाय चराने ले जाने दिया जो समय निकाला गया वह गोपाष्टमी का शुभ दिन था बलक कृष्ण ने गायों की पूजा करते हैं, प्रदक्षिणा करते हुए साष्टांग प्रणाम करते हैं।

भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि एवं पशुपालन का विशेष महत्व है। सकल घरेलू कृषि उत्पाद में पशुपालन का 28-30 प्रतिशत का योगदान सराहनीय है जिसमें दुग्ध एक ऐसा उत्पाद है जिसका योगदान सर्वाधिक है। भारत में विश्व की कुल संख्या का 15 प्रतिशत गायें है और देश के कुल दुग्ध उत्पादन का 43 प्रतिशत गायों से प्राप्त होता है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में लगभग 19.91 करोड़ गायें है। गौसेवा हमारे देश की प्राचीन संस्कृति है। यह संस्कृति ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में भी सहायक होती है। परन्तु वर्तमान समय में हमारी यह संस्कृति धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही है। गाय कलियुग में संजीवनी स्वरूपा है, गाय मानव जीवन में माता की भूमिका का निर्वाह करती है। गाय का दूध अमृत के सामान होता है और मूत्र औषधि का काम करता है। पहले हर घर में गाय-भैंस का पालन होता था, जिसके कारण बच्चों को दूध के रूप में पौष्टिक आहार भी मिलता था। गौ पालन और पशुपालन से भारी मात्रा में लाभकारी रोजगार का सृजन हो सकता है।

महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– **दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

# पाकिस्तान में लाखों की संपत्ति अर्जित करने वाले अफगान लगभग खाली हाथ देश छोड़ने को मजबूर

**कराची/भाषा**

हाजी मुबारक शिनवारी 1982 में अपने पांच बेटों और दो भाइयों के साथ पाकिस्तान आये थे। उन्होंने कड़ी मेहनत से वस्त्र, परिवहन और ऋण देने समेत विभिन्न व्यवसाय का एक नेटवर्क तैयार किया और अब कराची के बाहरी इलाके में 'अल-आसिफ स्क्वायर' में कई संपत्तियों के मालिक हैं। शिनवारी कहते हैं, ''हम इतने साल से यहां बिना दस्तावेजों के रह रहे हैं और स्थानीय लोगों की मदद से अपना कारोबार स्थापित किया है।'' वह ऐसे अकेले व्यक्ति नहीं हैं। कराची शहर के उत्तर में बमुश्किल कुछ किलोमीटर की दूरी पर अल-आसिफ स्क्वायर है, जहां अफगानों की अच्छी खासी आबादी है। पास ही अफगान मजदूरों और छोटे कारोबारियों की दो बड़ी बस्तियां हैं। अल-आसिफ स्क्वायर और इन बस्तियों का दौरा करने से यह आभास होता है कि आप 'मिनी काबुल' में हैं, जहां अफगानी लोग अपनी दुकानों और विभिन्न रेस्तरां में अफगानी व्यंजन पेश करते हैं।

मुख्य रूप से 1978 में सोवियत आक्रमण के बाद शरणार्थी के रूप में पाकिस्तान आने वाले अफगानों समेत हजारों अफगानों ने दशकों से पाकिस्तान के सभी प्रमुख शहरों में व्यापार और काम किया है, जिसमें सिंध प्रांत में कराची और बलूचिस्तान प्रांत में क्वेटा प्रमुख हैं।

कराची में अफगान वाणिज्य दूतावास के कानूनी सलाहकार सादिकउल्ला काकड़ ने बताया कि पाकिस्तान में अधिकांश अफगान शरणार्थी निम्न मध्यम वर्ग के हैं। उन्होंने कहा, लिहाजा, उनके पास कोई योग्यता या खास शिक्षा भी नहीं है। पाकिस्तान सरकार ने वैध दस्तावेजों के बिना रह रहे अफगानों को वापस भेजने की समयसीमा 31 अक्टूबर तय की थी, जिसके खत्म होने के दो सप्ताह बाद हजारों लोग विस्थापित हो चुके हैं - और अब, यहां तक कि वैध कागजात वाले लोगों को भी 31 दिसंबर के बाद वापस भेजने की योजना बनाई गई है। स्थिति गंभीर है और उनके चेहरों पर अनिश्चितता साफ दिखाई देती है। समय सीमा समाप्त होने के बाद से 1,65,000 से अधिक अफगान पाकिस्तान से जा चुके हैं।

कारण? पाकिस्तान सरकार का कहना है कि सुरक्षा कारणों से उसने यह फैसला लिया है। सरकार का आरोप है कि इनमें से कई अफगान आपराधिक और आतंकवादी गतिविधियों में शामिल हैं। पाकिस्तान सरकार ने तालिबान सरकार पर आरोप लगाया है कि वह तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और अन्य आतंकवादी समूहों को पाकिस्तान में आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए अफगान धरती का उपयोग करने से रोकने में सहयोग नहीं कर रही है।

**नृत्य**



असम के बक्सा में रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा पर एक कार्यक्रम में पारंपरिक नृत्य करते बच्चे।

# श्रीलंका के खेल मंत्री ने कहा, आईसीसी का प्रतिबंध देश के साथ विश्वासघात

**कोलंबो/भाषा**

श्रीलंका के खेल मंत्री रोशन रणसिंघे ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से प्रतिबंध लगाने की सिफारिश करने के लिए श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) की कड़ी आलोचना करते हुए इस देश के साथ बड़ा विश्वासघात करार दिया।

श्रीलंका की टीम के विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद रणसिंघे ने शम्मी सिल्वा की अध्यक्षता वाली संचालन संस्था को बर्खास्त करके अंतरिम समिति गठित की थी। सिल्वा की अगुवाई वाली संस्था के आईसीसी के साथ पत्राचार को पढ़ते हुए रणसिंघे ने कहा, ''यह देश के साथ बड़ा विश्वासघात है। ऑडिट रिपोर्ट में उनके भ्रष्ट कार्य उजागर होने के बाद वह अपने स्वार्थ के लिए पदों पर बने रहने के लिए ऐसा कर रहे हैं।''

रणसिंघे ने पूर्व कप्तान अर्जुन रणतुंगा के नेतृत्व में अंतरिम समिति गठित की थी लेकिन आईसीसी ने इसे सरकारी हस्तक्षेप करार देते हुए एसएलसी को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया था।

# देश-धर्म की रक्षा की प्रेरणा देता है सिख गुरुओं का त्याग और बलिदान : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ/भाषा**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को देश के लिए सिख धर्म गुरुओं के योगदान को नमन करते हुए कहा कि सिख गुरुओं का त्याग और बलिदान देश-धर्म की रक्षा की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री योगी ने रविवार को यहां आलमबाग में खालसा चौक का लोकार्पण किया।

यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार टेढ़ी पुलिया के नाम से जाना जाने वाला यह चौराहा अब खालसा चौक के नाम से जाना जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा, ''खालसा पंथ ने देश व धर्म की रक्षा के लिए लगातार अग्रणी भूमिका निभाई है। खालसा चौक की स्थापना आज अपने इतिहास की स्मृतियों को ताजा करने व उसके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर है।''

इस दौरान उन्होंने लोगों को बधाई देते हुए इशारों में सपा (समाजवादी पार्टी) सरकार के कार्यकाल में मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित होने वाली इफ्तार पार्टी पर कटाक्ष किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उनसे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय में अन्य तरह के आयोजन होते थे। वहीं प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री कार्यालय में गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व का भव्य आयोजन हुआ।

सिख धर्म के दसवें गुरु एवं खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोबिंद सिंह जी के ज्योति ज्योत दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद सिंह महाराज ने विदेशी आक्रांताओं से भारत के धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए 1699 में खालसा पंथ की स्थापना की थी। इस पंथ ने मातृभूमि की रक्षा में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि सिख गुरुओं का त्याग और बलिदान हम सबको देश और धर्म की रक्षा की प्रेरणा प्रदान करता है।

**खुशी**



अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच आईसीसी विश्व कप 2023 के फाइनल मैच से पहले क्रिकेट प्रशंसक खुशी मनाते हुए।

**मैराथन**




प्रयागराज में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर रविवार को प्रयागराज में आयोजित इंदिरा मैराथन में भाग लेते लोग।

# भारत की वृद्धि गाथा का हिस्सा बनने को यूरोप-अमेरिका से लौट रहे उद्यमी

सिंगापुर/भाषा। उद्योग मंडल नैसकॉम के पूर्व चेयरमैन सौरभ श्रीवास्तव ने कहा है कि यूरोप और अमेरिका से अधिक से अधिक भारतीय उद्यमी स्वदेश लौट रहे हैं, क्योंकि यहां अर्थव्यवस्था बढ़ रही है और बड़े अवसर हैं। नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विसेज कंपनी (नैसकॉम) के सह-संस्थापक श्रीवास्तव ने सिंगापुर में 15-17 नवंबर तक चले सिंगापुर फिनटेक फेस्टिवल के बीच कहा, आज अधिक से अधिक भारतीय उद्यमी यूरोप और अमेरिका से भारत वापस आ रहे हैं और उन्होंने सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा, ऐसा इसलिए है क्योंकि अर्थव्यवस्था बढ़ रही है और अवसर बड़े हैं और सरकार उद्यमियों का बहुत ध्यान रख रही है। श्रीवास्तव ने कहा कि वह भारतीय अर्थव्यवस्था को दहाई अंक में बढ़ते देखना चाहते हैं। हालांकि यह मौजूदा 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर पर स्थिर है। पद्म श्री पुरस्कार विजेता श्रीवास्तव ने लगभग 150 स्टार्टअप को वित्त पोषित किया है। उन्होंने कहा कि 1.4 अरब की बड़ी आबादी को देखते हुए भारत में आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए दस लाख स्टार्टअप होने चाहिए। उन्होंने कहा, भारतीय दुनिया के सबसे प्रेरणादायक लोगों में से हैं और हमें तेज गति से आगे बढ़ने में कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए। श्रीवास्तव ने बताया कि अहमदाबाद में 'गिफ्ट' सिटी कर-मुक्त क्षेत्र बनाकर निवेश और व्यापारिक समुदाय को आकर्षित करने की एक उत्कृष्ट पहल है।

# सलमान ने की विराट कोहली की तारीफ, कहा, 'उनके डेडीकेशन और पैशन को सलाम'

**मुंबई/एजेन्सी**



बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने स्टार क्रिकेटर विराट कोहली की तारीफ की है और कहा है कि जिस तरह से भारतीय टीम खेल रही है, उसके वर्ल्ड कप 2023 फाइनल में हारने की शायद ही कोई संभावना है। विराट कोहली की तारीफ करते हुए सलमान ने कहा, विराट कोहली का डेडीकेशन और पैशन है।

डेडीकेशन और कड़ी मेहनत के बिना इस मुकाम तक पहुंचना संभव नहीं है, खासकर सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ना, जिसे असंभव माना जाता है। सलमान ने आगे कहा, ''उन्होंने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए बहुत सारे सैक्रिफाइस किए होंगे। यह वास्तव में सराहनीय है।'' यह पूछे जाने पर कि क्या भारतीय टीम जीत की हकदार है, अभिनेता ने कहा, वे इसके हकदार हैं। वे इसके 100 प्रतिशत हकदार हैं। मुझे लगता है कि यह ट्रॉफी भारत में ही रहेगी, यह मेरी राय है। मुझे लगता है कि जिस तरह से भारतीय टीम खेल रही है, मुझे उम्मीद है कि उनके इस मैच में हारने की संभावना नहीं के बराबर है। मैच को डिज्नी प्लस हॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर देखा जा सकता है।

# सलमान और मेरे बीच बहुत अच्छा तालमेल है : इमरान हाशमी

**मुंबई/एजेन्सी**




'टाइगर 3' में आतिश का किरदार निभाने वाले इमरान हाशमी को लगता है कि वह नायक सलमान खान के साथ अच्छे लगते हैं, भले ही उन्होंने पहली बार मनीष शर्मा निर्देशित फिल्म में साथ काम किया हो। शुक्रवार रात मुंबई में 'टाइगर 3' की सक्सेस पार्टी के दौरान इमरान, कैटरीना कैफ और सलमान खान के साथ मीडिया और फैंस से बातचीत कर रहे थे। सलमान के साथ पहली बार स्क्रीन शेयर करने के बारे में बात करते हुए इमरान ने कहा, ''सलमान खान को डिस्क्राइब करने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि 'आप जो देखते हैं, वही आपको मिलता है', उनके आसपास कोई हवा नहीं है... वह आपको सहज महसूस कराते हैं। मेरा पहला सीन सलमान के साथ था, जो एक बड़ा मोनोलॉग था। उनके साथ काम करना आसान था, क्योंकि हम अच्छा महसूस करते थे।'' यह पूछे जाने पर कि क्या वह ऑन-स्क्रीन किसिंग करना मिस करते हैं, जो कि उनका सिग्नेचर मूव है, इमरान, जिन्होंने 'टाइगर 3' के साथ वाईआरएफ स्पाई-वर्स में प्रवेश किया, ने कहा, मैंने मनीष से कहा कि मुझे फिल्म में एक ट्रैक, एक किसिंग ट्रैक की जरूरत है और एक गाना भी, लेकिन वह नहीं माने।''

मनीष शर्मा द्वारा निर्देशित और यशराज फिल्म्स के तहत आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित, यह फिल्म 'टाइगर जिंदा है' (2017) का अगला स्कीवल है और वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में पांचवीं इस्टॉलमेंट है। 'टाइगर 3' ने दिवाली रिलीज के बाद से छह दिनों में बॉक्स-ऑफिस पर दुनिया भर में 322 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है।

# 'साइको थ्रिलर' फिल्म में नजर आएंगी कंगना रनौत

**मुंबई/वार्ता**



बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत साइको थ्रिलर फिल्म में काम करती नजर आयेगी। कंगना रनौत ने अपनी आने वाली फिल्म का एलान कर दिया है। कंगना ने चेन्नई में इस फिल्म शूटिंग भी शुरू कर दी है। यह फिल्म साइकोलॉजिकल थ्रिलर जॉनर की होगी। कंगना ने एक्स (ट्विटर) पर पूजा की तस्वीर शेयर की है। फोटो में देखा जा सकता है कि फिल्म स्लेट में प्रोडक्शन नंबर 18 लिखा हुआ है। साथ ही प्रोड्यूसर और डायरेक्टर का नाम लिखा है। इस फिल्म का निर्देशन विजय कर रहे हैं, जबकि प्रोड्यूसर आर. रविंद्रन हैं। कंगना रनौत ने फिल्म के सेट से फोटो शेयर करते हुए लिखा, चेन्नई में हमने अपनी नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी। यह एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर है। अन्य डिटेल्स जल्द ही बताऊंगी। फिलहाल इस बेहद असामान्य और रोमांचक स्क्रिप्ट के लिए हमें आपके सपोर्ट और दुआओं की जरूरत है।



# निकारागुआ की शेन्निस पलासियोस बनी मिस यूनिवर्स 2023

**नई दिल्ली/एजेन्सी**

मध्य अमेरिकी देश निकारागुआ की शेन्निस पलासियोस ने वर्ष 2023 के लिए मिस यूनिवर्स का ताज अपने नाम किया है। इस अंतरराष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता में उनके देश की यह पहली जीत है। मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता का 72वां संस्करण शनिवार रात अल साल्वाडोर के सैन साल्वाडोर में जोस एडोल्फो पिनेडा एरिना में आयोजित किया गया था।

इस कार्यक्रम में मिस थाईलैंड एन्टोनिया पोर्सिल्ड पहली रनर-अप और मिस ऑस्ट्रेलिया मोरया विल्सन दूसरी रनर-अप रहीं। मिस यूनिवर्स ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज पर यह जानकारी साझा की। मिस यूनिवर्स ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर पोस्ट किया, मिस यूनिवर्स 2023 शेन्निस पलासियोस हैं। पलासियोस को अमेरिका की आर.बोनी गेब्रियल ने ताज पहनाया, जिन्होंने वर्ष 2022 के लिए मिस यूनिवर्स का खिताब जीता था। पलासियोस ने मिस इंडिया श्वेता शारदा सहित 83 अन्य देशों की प्रतिभागियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए यह खिताब अपने नाम किया।

भारत की श्वेता शारदा शीर्ष 20 प्रतियोगियों की सूची में जगह बनाने में सफल रहीं। आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल मिस दिवा ने सौंदर्य प्रतियोगिता में श्वेता शारदा के प्रदर्शन पर उन्हें बधाई दी। पहली बार मिस यूनिवर्स पाकिस्तान 2023 का ताज पहनने वालीं एरिका रॉबिन भी शीर्ष 20 सुंदरियों में अपनी जगह बनाने में सफल रहीं।

# जब मिथुन को सुष्मिता से मांगनी पड़ी थी माफी

**मुंबई/एजेन्सी**



पूर्व मिस यूनिवर्स सुष्मिता सेन 19 नवंबर को 48 साल की हो गई हैं। सुष्मिता इस वक्त ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अपना कमाल दिखा रही हैं। हाल ही में उनकी वेब सीरीज 'आर्या 3' रिलीज हुई थी। जिसके लिए उनकी खूब सराहना हो रही है। सुष्मिता सेन साल 1994 में मिस यूनिवर्स बनी थीं और 1996 में उन्होंने फिल्म 'दस्तक' से डेब्यू किया था। इसके बाद उनकी किस्मत के सितारे बुलंद हो गए और उन्होंने एक के बाद एक कई फिल्में की।

सुष्मिता ने अपने फिल्मी करियर में एक से बढ़कर एक दिग्गज एक्टर्स के साथ काम किया है। उन्हीं में से एक मिथुन चक्रवर्ती भी हैं। दोनों ने साल 2006 में आई फिल्म 'चिंगारी' में काम किया था। इसमें दोनों का एक इंटीमेट सीन था। लेकिन इस एक सीन के कारण सुष्मिता और मिथुन के बीच विवाद खड़ा हो गया था। दरअसल फिल्म की कहानी के मुताबिक मिथुन के किरदार को सुष्मिता के किरदार का रेप करना था, लेकिन सुष्मिता ने आरोप लगाया था कि ये सीन शूट करते हुए मिथुन ने उनके साथ गलत हरकत की थी। जिसके बाद मिथुन को उनसे माफी भी मांगनी पड़ी थी।

रिपोर्ट्स के मुताबिक 'चिंगारी' की शूटिंग का पहला दिन था और एक रेप सीन शूट किया जाना था। सीन को फिल्माते वक्त एक्टर्स ने कई रीटेक लिए। लेकिन जब फाइनल टेक हुआ तो सुष्मिता नाराज हो गईं और रोने लगीं। फिल्म को कल्पना लाजमी ने डायरेक्ट किया था। सुष्मिता उनके पास गईं और उन्हें बताया कि मिथुन ने उन्हें गंदी तरह छुआ। लेकिन डायरेक्टर ये नहीं मानीं और सुष्मिता को ही समझाने लगीं। आखिरकार मिथुन को सुष्मिता से माफी मांगनी पड़ी और आगे की फिल्म शूट की गई। सुष्मिता सेन काफी बोल्ड किरदार



निभाती हैं। इस वक्त वह एक स्ट्रॉन्ग महिला के रूप में वेब सीरीज 'आर्या 3' में नजर आ रही हैं। इससे पहले उनकी वेब सीरीज 'ताली' रिलीज हुई थी। ये वेब सीरीज सच्ची घटना पर आधारित है। ये एक किन्नर की कहानी है जिसका नाम 'गौरी' है, लेकिन कभी वह गणेश हुआ करता था। कैसे अपने अधिकार के लिए गौरी ने लड़ाई की थी, इस सीरीज में वो सब दिखाया गया है।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

शरीर व आत्मा दोनों का अस्तित्व अलग-अलग है। हम शरीर को बहुत महत्व देते हैं लेकिन आत्मा के बारे में बिल्कुल नहीं सोचते हैं। आत्मा का अनुभव मनुष्य जन्म में ही किया जा सकता है और मनुष्य जन्म में भी आत्मा का अनुभव कम लोग ही कर पाते हैं। उन्होंने कहा आत्मा का अनुभव करने के लिए 12 भावना से भावित होना चाहिए और सूत्रों के अर्थ को जानकर क्रिया करनी चाहिए, ऐसा करने से हमें आत्मा की अनुभूति होगी। हमारे अंदर यदि पाप का डर है तो कर्मबंध कम होते जाएंगे। शरीर के जो पाप हो रहे हैं उन्हें गम से, चाल से और भाव से कम करना है, तब ही आप आत्मा का अनुभव कर सकते हो।



# ‘भक्तों के भगवान थे गजकेसरी गुरू गणेश’

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। भक्तों के भगवान थे युग पुरुष लब्धिधारी गुरुगणेश। रविवार को कर्नाटक गजकेसरी घोर तपस्वी श्री गणेशीलालजी महाराज की 144वीं जयंती यहां पुरुषवाक्कम के एएमकेएम में साध्वीश्री धर्मप्रभाजी व साध्वीश्री चैतन्याश्रीजी म. सा. के सान्निध्य में संतों के गुणगान और तप त्याग के साथ मनाई गई। साहुकारपेट जैन भवन से यहां पहुंची साध्वीश्री धर्मप्रभाजी ने गुरु गणेश के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वह इतने वचन सिध्द योगी थे की उनका मांगलिक भी चमत्कारी था, जो सब अटके काम पूरे करता था। गुरूदेव ने कभी भी अपने प्राणों की परवाह न करते हुए कई स्थानों पर धर्म के नाम पर निदोष पशुओं की बलि प्रथा को बंद करवाया और हजारों बकरों को अभयदान दिलवाया था। गजकेसरी गुरूदेव मानवता के मसीहा करूणा के देवता जीवो के सच्चे रक्षक थे। साध्वीश्री चैतन्याश्री ने कहा कि गुरूदेव का जीवन खुली किताब की तरह था उन्होंने पंथ, संप्रदाय और मजहब के भेदभाव से ऊपर उठकर एकता की बात कही। उन्होंने कभी किसी में भेद नहीं किया। वे संघ समाज को बांधकर चलते थे। जिसके कारण सभी समाजों में वह पूजनीय थे। वे एक निडर निर्भीक, स्पष्टवक्ता त्यागी दिव्य आत्मा थे। इस दौरान साध्वीश्री स्नेहप्रभाजी, साध्वीश्री जिज्ञासाजी, साध्वीश्री सुबोधिजी तथा साध्वीश्री निर्मितिप्रभाजी ने भी अपने प्रवचन में कहा कि आज भी जो भक्त श्रद्धा और भक्ति से गुरु गणेश का जो नाम लेता है तो उसके बिगड़े काम बन जाते हैं। ऐसे महान् संत का जितना भी गुणगान करें वह कम है। गुरुदेव के उपकार को कोई भूल नहीं सकता है।

पुरुषवाक्कम श्रीसंघ के अध्यक्ष विनय पावेचना ने बताया कि साध्वीश्री चैतन्याश्री को महाराष्ट्र प्रवर्तक कुंदन ऋषि द्वारा जिन शासन प्रभाविका पद से अंलकृत किए जाने पर अखिल भारतीय राष्ट्रीय जैन कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष आनन्दमल छल्लाणी गौतमचन्द कटारिया, निर्मल मलेच्चा, इन्द्रचंद कोठारी, पदमचंद सकलेचा, निर्मल गेलड़ा, महेन्द्र मुणोत, धर्मीचंद मुथा, पन्नालाल धोका, एम.अजितराज कोठारी, शांतिलाल सिंघवी, धर्मीचंद सिंघवी, मोहनलाल गढ़वानी आदि अतिथियों और महानगर के श्रीसंघों के पदाधिकारियों महिपाल चौरड़िया, गौतमचंद गुगलिया, महावीर बोहरा, धर्मीचंद कोठारी, सोहनराज झामड़, संतोष पगारिया, महेंद्र पुगलिया, दिलीप बोहरा आदि ने साध्वी जी को आदर की चादर ओढ़ाई। कार्यक्रम के प्रारंभ में सामूहिक रूप से गुरु गणेश का जाप किया गया और जन्मोत्सव पर तेले तप की आराधना करने वाले तपस्वियों का अभिनंदन किया गया। दीक्षार्थी गायत्री और अंजली बहन की खोलभर के सम्मान किया गया।



# साध्वी डॉ. प्रतिभाश्री से मैलापुर संघ में चातुर्मास की विनती

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां के मैलापुर श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन संघ ने आगामी चातुर्मास 2024 की विनंती बेंगलूरु के अक्कीपेट संघ में गुरु गणेश–देवेन्द्र जयंती के मौके पर विराजित गुरुवर्या के श्री चरणों में भाव पूर्वक प्रेषित की।

इस भाव भरी विनंती पर मध्य नजर रखते हुए उपाध्याय गुरुदेवश्री पुष्कर मुनिजी म.सा., आचार्य सम्राट देवेन्द्र मुनि जी म.सा. वर्तमान श्रमण संघीय आचार्य सम्राट परम पूज्य शिवमुनिजी म.सा. की आज्ञानुवर्तिनी राजस्थान सिंहनी उपप्रवर्तिनी प. पू. गुरुवर्या श्री चारित्रप्रभाजी म. सा. की शिष्या गुरुवर्या डॉ. प्रतिभाजी म.सा. का आगामी 2024 का–चातुर्मास मैलापूर श्री संघ को सभी गुरुभक्तों के आज्ञा अनुसार, सभी आगारों सहित आश्वासन दिया गया है। आश्वासन को पाकर समस्त श्री संघ में हर्षोल्लास वातावरण छाया हुआ है।

मैलापुर संघ के अध्यक्ष शांति चोरड़िया, मंत्री विमलचन्द खाबिया, कोषाध्यक्ष इंनदरचन्द कंकलिया सहित अनेक सदस्यगण इस मौके पर उपस्थित थे।

## अन्नदान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत




रविवार को चेन्नई के माम्बलम एसएस जैन संघ के तत्वावधान में गुरुदेवश्री वीरेन्द्रमुनिजी म.सा. के सान्निध्य में कर्नाटक गज केसरी खद्दरधारी गुरुदेव श्री गणेशलालजी म. सा. की 144 वी जयन्ती तप त्याग, सामूहिक जाप एवं सामायिक दिवस के रूप में मनाई गई। इस प्रसंग पर भगवान महावीर सेवा समिति की तरफ से 364 वा मानव सेवा एवं अन्नदानं कार्यक्रम भी आयोजित किया गया तथा वृद्धाश्रम में भी अन्नदानं किया गया। इस मौके पर चेन्नई के कई उपनगरों के भक्तजन उपस्थित थे।

# चेन्नई सेंट्रल और बेंगलूरु के बीच ‘वंदे भारत स्पेशल’

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। यहां दक्षिण रेलवे ने यात्रियों के अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए चेन्नई से बेंगलूरु सेक्टर में वंदेभारत विशेष ट्रेन चलाई जा रही है।

ट्रेन नंबर 06031 डॉ एमजीआर चेन्नई सेंट्रल–एसएमवीटी बेंगलूरु वंदे भारत स्पेशल की एक सेवा सोमवार 20 नवम्बर को 17.15 बजे डॉ एमजीआर चेन्नई सेंट्रल से रवाना होगी और उसी दिन 22.00 बजे एसएमवीटी बेंगलूरु पहुंचेगी।

ट्रेन नंबर 06032 यशवंतपुर–डॉ एमजीआर चेन्नई सेंट्रल वंदे भारत स्पेशल की एक सेवा मंगलवार 21 नवंबर को 23.00 बजे यशवंतपुर से रवाना होगी और अगले दिन 04.30 बजे डॉ एमजीआर चेन्नई सेंट्रल पहुंचेगी।



# दिव्यांगों को सहायता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां के चूलै स्थित आदिनाथ जैन ट्रस्ट द्वारा आदिनाथ जैन सेवा केंद्र में जरुरतमंदो दिव्यांगों को सहायता सामग्री का वितरण किया गया।

इस शिविर के लाभार्थी स्व. कस्तूरी बाई रांका की स्मृति में संघवी कन्नियालाल, सुभाषचन्द नरेश रांका ने किया। साध्वी सोमियांजनाश्रीजी म. सा. की निश्रा में आयोजित इस शिविर में मुख्यअतिथि के रूप में स्वास्थ्य सचिव डॉ. जे राधाकृष्णन, सुभाषचन्द रांका, सीएम कार्तिकेन, एडवोकेट भरत जैन, अभिनय मेहता उपस्थित थे।

इस मौके पर 550 जरूरतमंदों को उनकी जरुरत के हिसाब से ट्राई–साइकिल, व्हील चेयर, चश्मे, श्रवण सहायक यंत्र, फुट स्टिक, कैलिपर, ब्लाइंड किट, पोलियो शूज आदि कई उपकरण प्रदान किए गए।



# जैन कवि संगम द्वारा आयोजित कविता लेखन स्पर्धा के विजेता पुरस्कृत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। जैन कवि संगम, तमिलनाडु की ओर से दीपोत्सव को समर्पित कवि गोष्ठी ‘ज्योति कलश’ का आयोजन रविवार को कोला सरस्वती स्कूल सभागार में हुआ। सीए राजेन्द्र कुमार पी. ने बतौर मुख्य अतिथि एक साथ हिंदी व तमिल की काव्य पंक्तियां सुनाकर भाषाई सौहार्द का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को प्रोफेशन के अलावा साहित्य और संस्कृति में रुचि रखनी चाहिये। संगम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेन्द्र गुलेच्छा, डॉ. विजय राघवन और निर्मल कोठारी (बेंगलूरु) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम अध्यक्ष सीए गौतमचंद बोहरा ने स्वागत भाषण में कहा कि सहयोग की भावना से आगे बढ़ने वाले एक और एक दो नहीं ग्यारह हो जाते हैं। बाती से बाती दीप जलाने का यही संदेश है। साहित्यकार डॉ. दिलीप धींग ने प्रेरणा दी कि भगवान महावीर के 2550वें निर्वाण कल्याणक वर्ष के उपलक्ष्य में कवि संगम तमिलनाडु के हिंदी रचनाकारों की भगवान महावीर विषय पर कविताओं का एक संकलन प्रकाशित करे। अध्यक्ष एम.जी. बोहरा ने इस योजना को तुरंत स्वीकृति प्रदान कर दी। विशिष्ट अतिथि गुलेच्छा ने अध्यक्ष की त्वरित निर्णय क्षमता की सराहना की।

इस अवसर पर भारत के चन्द्रयान अभियान–3 की सफलता पर संगम की ओर से चन्द्रयान अथवा चन्द्रमा विषय पर आयोजित कविता लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। अतिथियों एवं संगम के पदाधिकारियों ने सभी विजेताओं को स्मृति चिह्न, प्रशंसा–पत्र, उपहार और साहित्य देकर पुरस्कृत किया। विजेताओं ने अपनी काव्य प्रस्तुतियाँ दीं। प्रणत ने बिना देखे लम्बी कविता की प्रभावशाली प्रस्तुति दी और खूब तालियां बटोरीं। केवल कोठारी, शोभा चोरड़िया और गोविंद मूंदड़ा ने परीक्षक की भूमिका निभाई। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में ज्योति मेहता, कपूर सेठिया, रमेश बोहरा, अनिल मोदी, शोभा चोरड़िया, राजेन्द्र मेहता आदि कवियों ने विषय के अनुरूप संदेशपरक रचनाएँ सुनाकर काव्य ज्योति बिखेरी। उपाध्यक्ष केवल कोठारी द्वारा ‘मां शारदे पधारो’ मंगलाचरण से शुरू हुए कार्यक्रम का संचालन सहसचिव राजेश सुराणा ने किया।

# बिना किसी को मिटाए, निर्माण की नई रेखाएं खींचें : देवेंद्रसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां श्री सुमतिवल्लभ नोर्थटाउन जैन संघ में बिराजमान पूज्य आचार्य श्री देवेंद्रसागरसूरिजी ने प्रवचन देते हुए कहा कि कुछ नया करना है, तो संकल्प लेना ही होगा। संकल्प तो हम ले लेते हैं, लेकिन जीने के आधुनिक तौर–तरीके हमें अपने संकल्प, अपनी शपथ से भटका देते हैं। और कभी–कभी रास्ते में ही अटका देते हैं। एक अच्छे इंसान आप तभी बन सकते हो जब आपके अंदर आत्मविश्वास हो, कुछ कर गुजरने का दृढ़ निश्चय हो, साहसी निर्णायक क्षमता हो, आशावादी दृष्टिकोण हो, सकारात्मक सोच हो, उत्साही मन हो, दुःख में भी सुख खोज लेने की चाहत हो।सोचना यह है कि हम गहरे में जमे संस्कारों को कैसे सुधारें? जड़ तक कैसे पहुंचें? बिना जड़ के सिर्फ फूल–पत्तों का क्या मूल्य? पतझड़ में फूल–पत्ते सभी झड़ जाते हैं, मगर वृक्ष कभी इस वियोग पर शोक नहीं करता। उसके पास जड़ की सत्ता सुरक्षित है, जिससे वसंत आने पर पुन: वृक्ष फूल–पत्तों से लहलहा उठता है। अंधेरा तभी तक डरावना है, जब तक हाथ दीये की बाती तक न पहुँचे। खुद को भविष्य निर्माता मानिए और कार्य शुरू कर दीजिए। वे आगे बोले की जीवन को सफल और सार्थक बनाने के लिए हमें कुछ जीवन–मंत्र धारण करने होंगे। यों तो हमारे धर्मग्रंथ जीवन–मंत्रों से भरे पड़े हैं। उनका प्रत्येक मंत्र एक दिशा–दर्शक है। उनको पढ़कर ऐसा अनुभव होता है, मानो जीवन का राजमार्ग प्रशस्त हो गया। उस मार्ग पर चलना कठिन होता है, पर जो इन कठिनाइयों के बावजूद भी चलते हैं, वे मधुर फल पाते हैं।

पूज्य आचार्य श्री कठोपनिषद् के एक मंत्र का उल्लेख करते हुए कहा की उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोत। इसका अर्थ है कि उठो, जागो और ऐसे श्रेष्ठजनों के पास जाओ, जो तुम्हारा परिचय परमब्रह्म परमात्मा से करा सकें, यानी उद्देश्यपरक जीवन से करा सकें। इस अर्थ में तीन बातें निहित हैं। पहली, तुम जो निद्रा में बेसुध पड़े हो, उसका त्याग करो और उठकर बैठ जाओ। दूसरी बात, आंखें खोल दो अर्थात अपने विवेक को जागृत करो। तीसरी और आखिरी बात, चलो और उन उत्तम कोटि के पुरुषों के पास जाओ, जो तुम्हें जीवन के चरम लक्ष्य का बोध करा सकें। बस, जीवन का वही एक क्षण सार्थक है, जिसे हम पूरी जागरूकता के साथ जीते हैं और वही जागती आंखों का सच है, जिसे पाना हमारा मकसद है। सच और संवेदना की यह संपत्ति ही हमारी सफलता को सुनिश्चित कर सकती है। अत: आइए, इस विश्वास और संकल्प को सचेतन करें कि आज तक जो नहीं हुआ, वह अब हो सकता है। हम कोशिश करें कि जो आज तक नहीं हुआ, वह आगे कभी नहीं होगा इस बूढ़े तर्क से बचकर नया प्रण जगाएं। बिना किसी को मिटाए, निर्माण की नई रेखाएं खींचें। यही साहसी सफर शक्ति, समय और श्रम को सार्थकता देगा।

# केवल शरीर ही नहीं आत्मा के बारे में भी सोचें : आचार्य उदयप्रभ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। किलपॉक जैन संघ में विराजित गच्छाधिपति आचार्यश्री उदयप्रभ सूरीश्वरजी की आज्ञानुवर्तिनी साध्वी हितार्थरत्नाश्रीजी ने प्रवचन में कहा कि शरीर व आत्मा दोनों का अस्तित्व अलग–अलग है। हम शरीर को बहुत महत्व देते हैं लेकिन आत्मा के बारे में बिल्कुल नहीं सोचते हैं। आत्मा का अनुभव मनुष्य जन्म में ही किया जा सकता हैं और मनुष्य जन्म में भी आत्मा का अनुभव कम लोग ही कर पाते हैं। उन्होंने कहा आत्मा का अनुभव करने के लिए 12 भावना से भावित होना चाहिए और सूत्रों के अर्थ को जानकर क्रिया करनी चाहिए, ऐसा करने से हमें आत्मा की अनुभूति होगी। हमारे अंदर यदि पाप का डर है तो कर्मबंध कम होते जाएंगे। शरीर के जो पाप हो रहे हैं उन्हें गम से, चाल से और भाव से कम करना है, तब ही आप आत्मा का अनुभव कर सकते हो। यदि आपको समाधि पानी है तो शरीर को मात्र मशीन समझो। शरीर मेरा नौकर है और आत्मा मेरी मालिक है, ऐसा सोचना चाहिए।

साध्वी तत्वार्थरत्नाश्री जी ने कहा कि हमें हमारी दृष्टि इस तरह से रखनी है कि जीवन में कर्मबंध नहीं हो। कई बार दृष्टि के कारण पाप नहीं होने पर भी पाप के कर्मबंध होते हैं। अनादिकाल से आत्मा में दोष, पाप भरे पड़े हैं, उनको दूर करने के लिए यह मानव भव उत्तम है। उन्होंने कहा दूसरों की गलती पर हमने सुनाने में कमी नहीं रखी है परंतु जब दूसरे हमें सुनाते हैं तो हमें कितना दुःख होता है। अपनी दृष्टि विशाल होगी, तभी ये दुःख कम हो सकते हैं। हमारी दृष्टि सही– गलत को नहीं देख पाती। क्या छोड़ना– क्या पकड़ना, इसका ज्ञान हमें नहीं है। मंदिर में दृष्टि भगवान की ओर ही होनी चाहिए, न कि अन्य चीजों में। उन्होंने कहा पापों से बचने के लिए इंद्रियों पर नियंत्रण आवश्यक है। जब–जब जीवन में पाप आता है तो उसका कारण जानकर तुरंत निवारण करना चाहिए। मन–वचन– काया में सबसे ज्यादा पाप मन से होते हैं। पाप करना है तो भी मन चाहिए, उत्कृष्ट पुण्य पाना है तो भी मन चाहिए। अब आप पर निर्भर है कि आपको मन का इस्तेमाल कैसे करना है। यह शरीर, मन मेरा नहीं है, मन– वचन– काया से भिन्न में एक शुद्ध आत्मा हूं, ऐसा सोचना। हम रूप, पैसा, सत्ता, संपत्ति, गाड़ी का अहंकार और राग– द्वेष पैदा कर कर्म बांध रहे हैं। जितनी त्याग भावना रखोगे, उतना कर्मबंधन कम होगा।

## सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के आवलहल्ली बॉयज द्वारा कर्नाटक राज्योत्सव मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत, एम लक्ष्मी नारायण एवं अन्य अतिथियों ने ध्वजारोहण कर पुनीत राजकुमार की प्रतिमा का अनावरण किया। इस मौके पर अन्नदान भी किया गया तथा मुणोत ने विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री वितरित की। आयोजकों ने मुणोत का सम्मान किया ।

# छठ उत्सव के तहत सूर्य को दिया अर्घ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। छठ उत्सव के तहत महानगर के अलग अलग इलाकों में छठव्रतियों ने भगवान भास्कर के डूबते स्वरूप को अर्घ प्रदान किया। उत्तर चेन्नई के पुझल में स्थित एक्राग्रीन स्विमिंग पूल में भारी संख्या में लोगों ने छठ पर्व मनाने सायं 4 बजे से जुटना प्रारंभ कर दिया था। शाम पांच बजे तक लगभग सभी छठव्रती डुबते सूर्य को अर्घ देने हेतु जल में उतर गए थे। परिजनों छठ घाट पर प्रसाद की टोकरी सहेजने में व्यस्त थी वहीं साथ आए बच्चों पटाखे फोड़ कर अपना उत्साह बढ़ा रहे थे। करीब 5.40 बजे शाम को भगवान भास्कर के डूबते स्वरूप को अर्घ देने की शुरुआत की गई जो लगभग 6.30 बजे तक छठव्रती ने अलग–अलग प्रसादों को भगवान भास्कर को अर्घ देकर पूजा को आगे बढाए।

वहीं एन्नूर स्विमिंग पूल में भी सैकड़ों की तादाद में लोग छठ पर्व करते नजर आए, यहाँ भी छठव्रती तय समय पर जल में प्रवेश कर डूबते सूर्य को अर्घ प्रदान किया। बिहार एसोसिएशन के सौजन्य से पेरियामेट माई लेडी स्विमिंग पूल पर भी सैकड़ो की संख्या में उत्तरप्रदेश, बिहार झारखंड के प्रवासी ने छठ मनाने के लिए नियत समय में जल में प्रवेश किया और प्रसाद के रूप में लाए सामग्रियों को भगवान भास्कर को समर्पित किये। कल सुबह उदयगामी सूर्य को अर्घ देने के साथ ही छठ पर्व की पूर्णाहूति होगी।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.